''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 276 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 21 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# इनेलो सुप्रीमो चौ ओमप्रकाश चौटाला ने गुरूग्राम निवास पर ली अंतिम सांस

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे इनेलो सुप्रीमो चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने शुक्रवार को अपने गुरूग्राम निवास पर अंतिम सांस ली। उनका जन्म चौटाला गांव में 1 जनवरी 1935 को हुआ था। चौ ओम प्रकाश चौटाला स्वर्गीय देवीलाल के सबसे बड़े बेटे थे। उनकी धर्मपत्नी स्नेह लता का स्वर्गवास अगस्त 2019 में हो गया था। उनकी तीन बेटियां और दो बेटे हैं। चौ ओम प्रकाश चौटाला 2 दिसंबर 1989 से 22 मई 1990, 12 जुलाई 1990 से 16 जुलाई 1990, 22 मार्च 1991 से 5 अप्रैल 1991, 24 जुलाई 1999 से 2 मार्च 2000 और 2 मार्च 2000 से फरवरी 2005 तक प्रदेश के 5 बार मुख्यमंत्री रहे। वे सात बार विधायक रहे और एक बार राज्यसभा के सांसद भी रहे।

चौ ओम प्रकाश चौटाला लंबे समय तक करीब 8 साल नेता प्रतिपक्ष भी रहे। इनेलो पार्टी का गठन करने में चौ ओम प्रकाश चौटाला का अहम योगदान रहा। इससे पहले स्वर्गीय ताऊ देवीलाल ने हरियाणा में अलग अलग पार्टियों से सरकार बनाई थी। चौ ओम प्रकाश चौटाला हिन्दी, पंजाबी, संस्कृत और उर्दू के ज्ञाता थे। अपने राजनीतिक सफर में उन्होंने अनेकों बार सत्तापक्ष सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और सत्ता विरोध के कारण कई बार जेल भी गए। आपातकाल के दौरान भी 19 महीने की जेल काटी थी।

स्वर्गीय देवीलाल के बाद वे एकमात्र मुख्यमंत्री थे जिन्होंने हरियाणा के विकास के लिए सबसे ज्यादा काम किए। आज का साइबर सिटी गुरूग्राम को विकसित करने और इसके विकास का अमली जामा पहनाने में चौ ओम प्रकाश चौटाला का सबसे बड़ा योगदान है। हरियाणा में बड़े उद्योग भी चौ ओम प्रकाश चौटाला के मुख्यमंत्री रहते ही लगे थे जिसमें मारूति सुजुकी और होंडा जैसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों ने अपने उद्योग हरियाणा में लगाए थे। 2000 से 2005 तक चौ ओम प्रकाश चौटाला के मुख्यमंत्री रहते हरियाणा



के इतिहास में एक मात्र समय ऐसा था जब हरियाणा सरप्लस स्टेट बना था।

2005 में जब इनेलो की सरकार गई तो हरियाणा का सरकारी खजाना लबालब भरा हुआ था और 3500 करोड़ रूपए खजाने में छोड़ कर गए थे जिसको बाद की सरकारों ने लूटने का काम किया और हरियाणा को कर्जाई बना दिया। 2013 में कांग्रेस की सरकार ने एक षडयंत्र के तहत उन्हें 10 साल की सजा करवा दी जिसके कारण उन्होंने सजा काटी। जेल में रहते हुए ही चौ ओम प्रकाश चौटाला ने 2021 में अपनी 10वीं और 12वीं की परीक्षा भी पास की। जेल में रहकर चौ. ओम प्रकाश चौटाला का 10वीं पास करना सामाजिक तौर पर इतना प्रेरणादायक हुआ कि बॉलीवुड में उनकी जेल में रहते 10वीं करने पर दसवीं नाम से एक बहुत सफल फिल्म भी बनी जिसमें अमिताभ बच्चन के बेटे अभिषेक बच्चन ने मुख्य भूमिका निभाई।

चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने अपने जीवन में 150 से उपर देशों की यात्रा की और विदेशों में जो उन्होंने देखा और सीखा उसको मुख्यमंत्री रहते प्रदेश के विकास में लागू किया।

## ओमप्रकाश चौटाला ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया: लुकमान रमीज



ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल से लुकमान रमीज़ ने कहा कि चौ ओम प्रकाश चौटाला का जीवन बावजूद एक मुख्यमंत्री के बेटे होने के बेहद संघर्ष में बीता। और इसी संघर्ष के बल पर वे जमीन से जुड़े नेता बने। मुख्यमंत्री रहते चौ ओम प्रकाश चौटाला ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया और न ही कभी जाती पाती की गंदी राजनीति की। उन्होंने सभी वर्गो को उचित प्रतिनिधित्व दिया। चौ ओम प्रकाश चौटाला संगठन के व्यक्ति थे और जानते और समझते थे कि संगठन में जो ताकत है वो किसी में भी नहीं है। यही कारण था कि उन्होंने इनेलो पार्टी का संगठन बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी।

# पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक









**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और भाजपा के पूर्व प्रभारी एवं सांसद बिप्लब कुमार देब ने स्वर्गीय चौटाला के निधन को प्रदेश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** इनेलो सुप्रीमो एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शोक जताते हुए अपने शोक संदेश में स्वर्गीय चौटाला के निधन को प्रदेश की राजनीति के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया है। सभी भाजपा नेताओं ने पूर्व सीएम चौटाला को श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी है।

सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लिखा है कि इनेलो सुप्रीमो एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का निधन अत्यंत दु:खद है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लिखा है कि मेरी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। श्री चौटाला ने प्रदेश और समाज की जीवनपर्यंत सेवा की। देश व हरियाणा प्रदेश की राजनीति के लिए यह अपूरणीय क्षति है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति दें।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इनेलो सुप्रीमो एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का निधन अत्यंत दु:खद है। श्री चौटाला ने किसान, वंचितों की आवाज़ बनकर चौधरी देवीलाल की विरासत को बखूबी बढ़ाया था, उन्होंने उत्तर भारत में ग़ैर कांग्रेस वाद को अपने राजनीतिक कौशल से काफ़ी मज़बूती दी थी, मैं उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी इनेलो सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जी का निधन को हरियाणा प्रदेश सहित देश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति कहा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान और शोक संतप्त परिजनों को संबल दें।

भाजपा के पूर्व प्रभारी एवं सांसद बिप्लब कुमार देब सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा है कि हरियाणा सहित देश की राजनीति में अमिट छाप छोड़ने वाले, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन का समाचार दु:खद है। श्री चौटाला का जाना राजनैतिक क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर पुण्यात्मा को शांति दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह आघात सहने की क्षमता प्रदान करें।

# पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर हरियाणा सरकार ने तीन दिवसीय राजकीय शोक किया घोषित

## 21 दिसंबर को राज्य सरकार के सभी कार्यालयों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर 20 दिसंबर से 22 दिसंबर तक तीन दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया है। साथ ही, हरियाणा सरकार ने दिवंगत के सम्मान में 21 दिसंबर, 2024 को राज्य सरकार के सभी कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि तीन दिवसीय राजकीय शोक की अवधि के दौरान पूरे हरियाणा राज्य में सभी भवनों पर, जहां राष्ट्रीय ध्वज नियमित रूप से फहराया जाता है, वहां राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इस अवधि के दौरान राज्य सरकार के सभी समारोह रद्द रहेंगे और कोई सरकारी मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा। इसके अलावा, दिवंगत आत्मा की राजकीय अंत्येष्टि 21 दिसंबर, 2024 को दोपहर 3 बजे तेजा खेड़ा फार्म, सिरसा में होगी।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 520वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान न केवल पुण्य का कार्य है अपितु स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभप्रद है। ये शब्द राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जगमोहन ने रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए कहे। वे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 520 वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि रहे। 173 बार रक्तदान के साथ 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में समाजसेवी रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए।

# कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद में दो प्रमुख कार्यक्रमों में की शिरकत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने शुक्रवार को फरीदाबाद में आयोजित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इन कार्यक्रमों में स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने वाले प्रयासों की सराहना की गई।



**सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान:**

रोटरी क्लब और स्कॉट पूनावाला प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सेक्टर 86 सथित साईं धाम में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण प्रदान करना है। इस शिविर में 5,000 रुपये मूल्य के टीके नि:शुल्क लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को 700 महिलाओं का टीकाकरण किया गया, और पूरे अभियान में 15,000 महिलाओं को टीका लगाने का लक्ष्य है।

कार्यक्रम में विपुल गोयल ने कहा, सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर समस्या है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस समस्या के समाधान के लिए 7.5 मिलियन डॉलर का ग्रांट आवंटित किया गया है। रोटरी क्लब जैसी संस्थाओं का इस दिशा में योगदान सराहनीय है। एक जनप्रतिनिधि और नागरिक के रूप में इस अभियान से जुड़कर मुझे गहरी संतुष्टि हो रही है।

शिविर में उपसथित महिलाओं और उनके परिवारजनों ने इस पहल के लिए आयोजकों और सरकार का आभार व्यक्त किया।

**इंडस्टेक मशीन टूल एंड ऑटोमेशन एक्सपो:**

शुक्रवार को ही विपुल गोयल और कैबिनेट मंत्री राजेश नागर ने मैन्युफैक्चर एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा आयोजित इंडस्टेक मशीन टूल एंड ऑटोमेशन एक्सपो का अवलोकन किया। यह एक्सपो सेक्टर 12 सथित ग्राउंड में आयोजित हुआ, जिसमें 25,000 से अधिक औद्योगिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए।

विपुल गोयल ने कहा, डबल इंजन सरकार के तहत हरियाणा और भारत एक मजबूत मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभर रहे हैं। इस तरह के आयोजन न केवल क्षेत्र के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देते हैं बल्कि रोजगार सृजन के नए अवसर भी पैदा करते हैं।

कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न उद्यमियों और संस्थाओं ने अपने इनोवेटिव उत्पादों और तकनीकों का प्रदर्शन किया। मंत्री ने इन प्रयासों की सराहना की और उद्योगों को निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया।

**जन संवाद और विकास की प्रतिबद्धता:**

दोनों कार्यक्रमों में भाग लेते हुए मंत्री विपुल गोयल ने जनता से संवाद किया और उनकी समस्याओं और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को सामुदायिक और औद्योगिक विकास का आधार बताया।

# पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर दुख व्यक्त किया




**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** इनेलो सुप्रीमों और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने गहरा दुख व्यक्त किया है। किशन लाल बजाज ने कहा कि इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जी का निधन एक अपूरणीय क्षति है। वे पूरे देश के किसान-कमेरा वर्ग की आवाज थे। उन्होनें कहा कि ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम चौ.ओमप्रकाश चौटाला की देन है जिन्होनें हमेशा मृझे बजुगौ की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने प्रदेश और समाज की सेवा की और प्रदेश को नई ऊचाईयों पर लेकर गए। उनकी नेतृत्व क्षमता और कार्यों की गहराई देश और हरियाणा की राजनीति में हमेशा याद की जाएगी। किशन लाल बजाज ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# राजनीति के पुरोधा पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला से जुड़ी यादें

**समाचार गेट**

हरियाणा की राजनीति के पुरोधा , किसान व कमेरा वर्ग के मसीहा चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के निधन का समाचार बेहद दुखदाई है। न केवल हरियाणा में बल्कि पूरे देश में उनके चाहने वालों में मायूसी छा गई है। सभी लोग मीडिया के माध्यम से व दिवंगत आत्मा के पास पहुंचकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। 89 वर्ष की आयु में उनका दुनिया से चले जाना राष्ट्रीय राजनीति की अपूरणीय क्षति है।

चौधरी ओम प्रकाश चौटाला का जन्म एक जनवरी 1935 में हरियाणा के आखिरी छोर पर बसे सिरसा जिला के चौटाला गांव में हुआ। अपने पिता चौधरी देवीलाल के पद चिन्हों पर चलते हुए उन्होंने बचपन से ही राजनीतिक गतिविधियों में रुचि दिखाते हुए देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए भी काम किया। चौधरी ओम प्रकाश चौटाला पहली बार 1970 में ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। इसके बाद सांसद और विधायकी के चुनाव लड़े।

तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के न चाहते हुए उनका बार-बार मुख्यमंत्री बनना उन्हें एक अनथक योद्धा बनता है। अंतिम बार उन्होंने 1999 में मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की बागडोर संभाली और लगातार 5 साल मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान उन्होंने अपनी पार्टी का विस्तार करने के लिए उत्तर प्रदेश और राजस्थान के चुनाव में एंट्री की और दलबल के साथ चुनाव लड़े। हालांकि इन चुनाव में उन्होंने सफलता हासिल नहीं की लेकिन राष्ट्रीय राजनीति में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे ।

वर्ष 1999 से 2004 तक अपने कार्यकाल में प्रदेश में अनेक कल्याणकारी योजना लागू की और प्रदेश के लोगों की समस्याएं सुनने व निवारण करने के लिए उनके घर द्वार पर जाकर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया। जिनमे वे प्रदेश के लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते थे।

मुझे स्वयं चार साल तक उनके मातहत यानी उनके कार्यकाल में



सिरसा में जनसंपर्क अधिकारी के रूप में काम करने का मौका मिला और चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को बहुत ही नजदीक से जानने का अवसर प्राप्त हुआ। चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का हाजिर जवाबी में कोई मुकाबला नहीं था कई बार तो मीडिया के सामने कह देते थे कि वे किसी अन्य का सवाल उनके मुंह में ना डालें, जिससे मीडिया के लोग भी नाराज नहीं होते थे। वे समय के बहुत ही पाबन्द थे। जब वे गांवों का दौरा करते थे तो सुबह सात बजे ही तैयार होकर कार्यक्रम शुरू कर देते थे। वे कार्यकर्ताओं से तो बहुत नजदीकियां रखते थे। यहां तक कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को नाम लेकर बुलाते थे। कार्यकर्ता भी उनके इस अंदाज के कायल थे। इसी प्रकार जब गांव को दौरा करते थे तो अधिकारियों को भी उतना ही मान सम्मान देते हुए उन्हें नाम से बुलाते थे। अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को रिवॉर्ड देते थे और कामचोर अधिकारियों को सजा देना भी उनकी कार्यप्रणाली में समय था। इसलिए अधिकारी उत्साहित होकर उनके साथ कार्य करते थे। वे हरियाणा के हर वर्ग के लोगों की भाषा, बोली और लहजा बखूबी समझते थे। एक बार 1999 में जब जींद जिला के अलावा गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्या सुन रहे थे, तो उसी कार्यक्रम में एक बुजुर्ग ने अलेवा से नजदीकी गांव तक सड़क बनवाने की मांग रखी। बुजुर्ग ने अपने लहजे में कहा कि चौधरी साहब या सड़क बणवादो तो लोग आपके गीत गावैगें और नहीं बणवाई तो लोग आपसे करड़े नाराज होंवैगे। उनकी यह बात सुनकर चौधरी ओम प्रकाश चौटाला ने कार्यक्रम में बैठे लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता से कहा कि एक्शन साहिब इस सड़क को जल्दी से जल्दी बनवा देना। इस प्रकार से वह सड़क बनी। उस समय मैं स्वयं भी जींद में कार्यरत होते हुए यह कार्यक्रम कवर कर रहा था। कहने का मतलब है कि वह मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर लोगों का दिल जीत लेते थे। अपने भाषण के माध्यम से वे जनसंचार करने में तो इतने माहिर थे कि उनका भाषण विरोधी पार्टियों के लोग भी दूर-दूर से सुनने के लिए उनके कार्यक्रम में आते थे। उस समय कई दिन तक लोग उनके भाषणों को दोहराते रहते हैं। उनकी पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी यही प्रयास रहता था कि वे उन्हीं की भाषा, बोली और लहजे में लोगों से अपने आप को कनेक्ट करें। लेक्चर, स्पीच और भाषण कला में तो चौटाला साहब का नाम देश के चुनिंदा वक्ताओं में लिया जाता है।

जीवन के अंतिम दौर, में वे अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अपने आप को एक योद्धा के रूप में प्रस्तुत करते थे। लंबे समय तक जेल में रहने के बाद भी उनमें हरियाणा के विकास और जनकल्याण की तड़फ थी । चौधरी ओम प्रकाश चौटाला एक बहुत ही सुलझे हुए राजनीतिज्ञ और जुबान के धनी थे। चौधरी ओम प्रकाश चौटाला आज हमारे बीच नहीं है। 89 साल की उम्र में वह इस दुनिया को छोड़कर चले गए ।आज प्रदेश का बच्चा-बच्चा उनको अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दे रहा है। परमपिता परमेश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**लेखक सतीश मेहरा के निजी विचार हैं।**

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट: मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

## जानकारी

# झड़ते बालों के लिए वरदान है भृंगराज तेल

लंबे, घने और चमकदार बाल तो हर लड़की को पसंद होते हैं लेकिन प्रदूषण, तनाव, बदलता मौसम और गलत आदतों के कारण बाल झड़ना, रूखे, बेजान व डल हो जाते हैं। हालांकि लड़कियां इसके लिए महंगे प्रॉडक्ट्स व पार्लर में कई पैसे खर्च करती हैं लेकिन इसका असर ज्यादा समय तक टिक नहीं पाता। ऐसे में आज हम आपको एक आयुर्वेदिक तेल के बारे में बताएंगे, जो बालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।



यहां हम बात कर रहे हैं भृंगराज तेल की, जिससे बालों का टूटना, बालों का झड़ना, बालों का सफेद होना, बालों का रूखापन और डैंड्रफ जैसी समस्याएं दूर हो जाती है। चलिए आपको बताते हैं कि आप घर पर भृंगराज तेल कैसे बना सकते हैं और यह बालों के लिए कैसे फायदेमंद है।

**घर पर इस तरह बनाएं भृंगराज तेल:** सबसे पहले भृंगराज के पत्तों का रस निकालें फिर इसमें बराबर मात्रा में नारियल तेल मिक्स करके धीमी आंच पर पकने के लिए छोड़ दें। जब दोनों अच्छी तरह मिक्स हो जाए तो गैस बंद कर दें। अगर आप झड़ते बालों से परेशान हैं, तो इसमें आंवला रस भी मिला लें। आप इसमें शिकाकाई, तिल का तेल और अन्य औषधियां भी मिला सकते हैं।

भृंगराज एक कुदरती जड़ी-बूटी है इसलिए इसके कोई साइड-इफैक्ट नहीं होते। चलिए अब हम आपको बताते हैं कि यह तेल लगाने से आपको क्या-क्या फायदे मिलेंगे...

### असमय बालों का सफेद होना

इसका नियमित इस्तेमाल बालों को असमय सफेद होने से रोकता है और बालों का कुदरती रंग बरकरार रखता है।

### झड़ते बालों के लिए वरदान

आजकल 10 में से 8 लोग झड़ते बालों से परेशान है। ऐसे में यह तेल आपके लिए वरदान साबित हो सकता है। इस तेल से हल्के हाथ से सिर पर मसाज करें और 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद माइल्ड शैंपू, शिकाकाई या रीठा पाउडर से सिर धो लें। इससे बालों को मजबूती मिलेगी और उनका झड़ना कम होगा।

### बालों को बनाए घना और मजबूत

भृंगराज तेल से मसाज करने से स्कैल्प में रक्त प्रवाह बढ़ जाता है। इससे बालों की जड़ें सक्रिय हो जाती हैं और बालों का बढ़ना शुरू हो जाता है। इससे आपके बाल स्वस्थ और घना होंगे।

### बालों के रूखापन करे दूर

अगर आपके बाल रूखे और बेजान हो गए हैं तो हफ्ते में कम से कम दो बार इस तेल से सिर की मसाज करें। इससे ना सिर्फ बालों को पोषण मिलेगा बल्कि उनमें नमी भी बनी रहेगी।

### डैंड्रफ की समस्या

अगर आप डैंड्रफ की समस्या से परेशान है तो हफ्ते में दो बार इस तेल से मसाज करें। मगर इसकी तासीर ठंडी होती है इसलिए सर्दियों में रात में इसे लगाकर न सोएं। इससे डैंड्रफ की समस्या कुछ समय में ही दूर हो जाएगी और इंफेक्शन से भी छुटकारा मिलेगा।

# कमर और कंधे के दर्द से राहत दिलाएगी हीट थेरेपी

**कई** बार अधिक या लगातार काम करने के कारण मसल्स में जकड़न की समस्या होने की शिकायत हो जाती है। ऐसा आमतौर पर भारी चीजें उठाने से होता है। जिससे मांसपेशियों में ऐंठन, जोड़ों, मसल्स आदि में दर्द का अहसास होता है। इसने बचने के लिए लोग दवाइयों का भी सहारा लेते है पर कभी वो ज्यादा अच्छा रिजल्ट नहीं दे पाती हैं। ऐसे में इस परेशानी से बचने के लिए आज हम आपको 6 ऐसे घरेलू उपचार के बारे में बताते हैं। जो आपको दर्द से आराम दिलाने के साथ रिलैक्स भी फील करवाने में मददगार साबित होंगे।



### हीट थेरेपी

अक्सर ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने के लिए दर्द वाली जगह पर गर्म सेक किया जाता है। इसे हीट थेरेपी कहा जाता है। इसके इस्तेमाल से मांसपेशियों की जकड़न, जोड़ों, मसल्स और अर्थराइटिस के दर्द में आराम मिलता है। इससे मांसपेशियों में लचीलापन आता है।

### कोल्ड थेरेपी



शरीर में सूजन की समस्या होने पर डॉक्टरों द्वारा कोल्ड थेरेपी की सलाह दी जाती है। दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप आइस पैक, कूलैंट स्प्रे, बर्फ से स्नान आदि कर प्रक्रिया को अपना सकते है। ये दर्द से आराम दिलाने के साथ तनाव कम करने और रिलैक्स फील करवाने में भी मदद करता है।

### हल्दी



चोट लगने, खून की सफाई, मौसमी बीमारियों आदि के लिए हल्दी बेहद लाभकारी साबित होती है। ये डायटिबीज, हृदय रोगों, मोटापा आदि कम करने में भी मदद करता है। इसमें पाएं जाने वाले औषधि गुण मांसपेशियों को आराम दिलाकर रिलैक्स फील करवाने में मदद करती है। रात को सोने से पहले हल्दी के दूध का सेवन करने से यह कंधे से लेकर पैर तक पूरे शरीर में होने वाले दर्द से छुटकारा दिलाने में फायदेमंद है।

### चेरी जूस

चेरी में पाए जाने वाले बायोऐक्टिव कम्पाउंड्स पॉलीफेनॉल्स, एंथोसायनिन, मेलानिन, एंटीऑक्सिडेंट गुण मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। यह मसल्स में होने वाले दर्द में फायदेमंद साबित होता है। रिसर्च के मुताबिक इसका जूस पीने से अच्छी नींद आने के साथ दिमाग भी स्वस्थ रहता है। इससे शरीर में होने वाले दर्दों से आराम मिलता हैं।

### एसेंशियल ऑयल मसाज



कंधे और कमर में दर्द होने पर एसेंशियल ऑयल मसाज से की गई मसाज राहत दिलाने में मददगार होती है। इससे मांसपेशियों की जकड़न, सूजन के साथ तनाव से भी राहत मिलती हैं। मालिश करने से शरीर पूरी तरह से खुल जाता है और हल्का सा अनुभव होता है।

### ब्लूबेरी



एंटीऑक्सिडेंट, इंफ्लामेटरी और पॉलीफेनोल गुणों की भरपूर मात्रा होने से ये शरीर के डैमेज टिशू को ठीक करने में मदद करता है। शरीर में पड़ी ऐंठन, कंधे या कमर दर्द से राहत पाने के लिए आप इसकी स्मूदी बना कर भी पी सकते हैं।

## सेहत

# दिल को हैल्दी रखता है हरा प्याज, कैंसर को रोकने में भी मददगार

सर्दियों में हरा प्याज बड़ी ही आसानी से मिल जाता है। सिर्फ हरे प्याज व आलू को मिलाकर बनाई गई इस सब्जी का स्वाद ऐसा होता है कि बच्चे भी इसे आसानी से खा लेते हैं। कोशिश करें कि आप इस प्याज को अपने खाने का हिस्सा जरूर बनाते रहें क्योंकि यह कैंसर से बचाव के साथ ही दिल को हैल्दी रखने में मदद करता है।



**हरे** प्याज में मौजूद एंटी ऑक्सीडैंट्स गुण, डी.एन.ए. और सैल्स के टिश्यू को होने वाले नुकसान को रोकता है। वहीं इसमें मौजूद विटामिन 'सी' कोलैस्ट्रॉल और ब्लड शुगर के स्तर को कम करता है जो दिल की बीमारी के खतरे को कम करता है। हरे प्याज में एलिल सल्फाइड नाम का शक्तिशाली सल्फर कम्पाउंड होता है जो कोलोन कैंसर को रोकने में मदद करता है। इसके फ्लेवोनोइड्स तत्व जैन्थीन ऑक्सीडेस एंजाइम का शरीर में उत्पादन करते हैं जो डी.एन.ए. और सैल्स को होने वाले नुक्सान को रोकते हैं।

हरे प्याज में विटामिन 'सी' और 'के' होते हैं जो हड्डियों को सुचारू रूप से काम करने में मददगार होते हैं। विटामिन 'सी' जहां हड्डियों में मौजूद कोलेजन को बढ़ाते हुए उन्हें मजबूत बना देता है, वहीं विटामिन 'के' से बोन डैन्सिटी (हड्डियों की सघनता) को बनाए रखने में मदद मिलती है जो हड्डियों को मजबूती देता है। एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल प्रॉपर्टीज वाला हरा प्याज फ्लू, इन्फैक्शन और वायरल के वायरस से शरीर का बचाव करता है। यह शरीर के सांस के तंत्र को भी स्वस्थ रखता है।

### आंखों को रखे हैल्दी, शुगर लैवल करे कम

स्टडीज में यह साबित हुआ है कि हरे प्याज में ल्यूटिन और जेक्सैथीन जैसे कारोटेनोइड होते हैं, जो आंखों को स्वस्थ रखने और उन्हें नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। यही खासियत नजर को सुधारने में मदद करने के साथ ही उसे बिगड़ने से रोकने में भी मदद करती है। इतना ही नहीं हरे प्याज के सल्फर कम्पाऊंड शरीर के ब्लड शूगर लैवल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। ये इंसुलिन स्तर को बढ़ाते हुए ब्लड से शरीर सैल्स तक शूगर बेहतर तरीके से पहुंचाकर यह नतीजे देते हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 3387




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 3386 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक महिला दूसरी महिला से बोली-'मेरे पति की याददाश्त बहुत कमजोर है.'

'वह कैसे ?'

'एक बार मैं चाट खाने गई तो देखा कि पतिदेव वहां पहले से ही जमे हुए हैं. मैंने जब उनका ध्यान अपनी ओर दिलाया तो बोले-'बहन जी! आपको पहले भी कहीं देखा है. पर कहां, यह ठीक से याद नहीं पड़ रहा.'

'बस ?' दूसरी महिला हंसती हुई बोली-'मेरे पति की याददाश्त तुम्हारे पति से भी ज्यादा कमजोर है.'

'तुम भी सुनाओ !'

'एक बार मैं उनके साथ फिल्म देखने गई. फिल्म देखने के बाद वे मुझे एक ओर खड़ा करके स्कूटर लेने चले गये. जब उन्हें गये काफी देर हो गई तो मैं अकेली ही घर पहुंच गई. मेरे दरवाजा खटखटाने पर दरवाजा उन्होंने खोला तो जानती हो बहन उन्होंने क्या पूछा ?'

'क्या पूछा ?'

'यही कि इतनी रात गये मैं कहां से आ रही हूं.'

□ □ □

एक दोस्त ने दूसरे से कहा-'यार! यह सुरेश भी साला अजीब इन्सान है. जब देखो कड़की में ही मिलता है.'

'क्यों ? क्या वह तुमसे पैसे मांगने आया था ?' मित्र ने पूछा.

'नहीं ! लेकिन मैं जब कभी भी उससे पैसे मांगने जाता हूं, वह एक ही जवाब देता है-'मेरे पास पैसे नहीं हैं'.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3387



**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3386



## सूडोकु -3387

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3386 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 3387



**बाएँ से दाएँ**

1.धरोहर,थाती-4
5.अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8.गुणगान-3
9.प्रेम (अंग्रेजी-2)
11.भरोसा,विश्वास-3
12.दुःख,परेशानी,कष्ट-4
14.हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15.गागर,घड़ा-3
17.जांघ-2
19.असावधान-5
22.करतूत,होशियारी-5
25.डूबा हुआ,समाप्त-2
26.तीक्ष्ण,तेज-3
27.अधर्म,अपकृत्य-2
28.मनमौजी,चंचल-4
30.हत्या,वध-3
31.पंख-2
33.मायका-3
35.व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36.कृपा,रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2.फूलों का हार-2
3.वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4.शांति,सुख-चैन-3,2
5.अस्वस्थ,मरीज-3
6.दम,ताकत-2
7.भगवान राम के पुत्र-2,2
10.उन्मत,मदमस्त-4
13.दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16.बोलने का तरीका-3
17.रास्ता-2
18.पराया-2
20.परीक्षा-3
21.वचन-2
22.खेती-2
23.अभिमान-3
24.फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25.बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26.ईश्वर,राजा-4
28.मन को अच्छा लगने वाला-4
29.शाप से पीड़ित-3
32.अवकाश,मंजूरी-2
34.संध्या-2

शब्द पहेली -3386 का हल



# दिव्यांगजनों का समाज में नेतृत्व सबसे महत्वपूर्ण : प्रदीप सिंह मलिक




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कैरिटास इंडिया सामाजिक संस्था और रूप वीके जैन फाऊंडेशन द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम बाल भवन सामुदायिक केंद्र नूंह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कभी 200 दिव्यांगजनों ने हिस्सेदारी ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना करके शुरू किया गया। परियोजना विस्तार सहयोगी राजकुमार ने कैरिटास इंडिया टीम की तरफ से सभी अतिथियो और दिव्यांगजनों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विश्व दिव्यांग दिवस पूरे विश्व में 3 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज में दिव्यांग जनों की भागीदारी और समाज में समावेश करना है। इस दिवस पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर प्रतिभाशाली दिव्यांग जनों को सम्मानित किया जाता है। रूप वीके जैन फाउंडेशन और कैरिटास इंडिया इस कार्यक्रम को जॉय ऑफ एबिलिटी के रूप में मनाया जाता है। मुख्य अतिथि ने दिव्यांगजनों को विश्व दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि हम सब की जिम्मेदारी है कि दिव्यांग जनों को सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से एक समान भागीदारी मिले। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन भी समाज का हिस्सा है और हमेशा सभी दिव्यांगजन अपने जीवन में एक लक्ष्य रखें और उसे पूरा करने पर ध्यान दे। सरकार की बहुत सारी योजनाएं जो की दिव्यांगजनों के अधिकारों को लेकर चलाई जा रही है आप सभी उनका फायदा ले। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सरबजीत थापर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सुंदरलाल खत्री, एवं विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में महेश मलिक डीटीओ, मीना ठाकुर समाज सेविका, शौकीन कोटला, अंतराम सरपंच, पापीज सरपंच रोजकामेव , सरपंच बसई गांव, एवं सभी छाया कर बंधु रहे। रूप वीके जैन फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव जैन ने इस कार्यक्रम में आए हुए सभी दिव्यांगजनों को बधाइयां दी और उन्होंने बताया कि उन्हें सबसे ज्यादा दिव्यांगजनों के कार्यक्रमों में जाना अच्छा लगता है। वह और उनकी पूरी संस्था हमेशा दिव्यांगजनों के अधिकारों के प्रति उनके साथ खड़े हुए हैं। और धीरे-धीरे दिव्यांग जनों को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। रूप ऑटोमोबाइल कंपनी से अरविंद चौरसिया, आकाश शुक्ला एवं अन्य साथीगण प्रोग्राम में आए। सीएमओ सरबजीत थापर ने बताया कि अगर दिव्यंका प्रमाण पत्र में कोई भी परेशानी आती है तो दिव्यांगजन बिना किसी रुकावट के उनसे मिल सकते हैं। इस कार्यक्रम में फादर इरूदया कुमार मैनेजर मारिया मंदिर स्कूल के माध्यम से 100 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कंबल वितरण किए गए। और आठ दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण दिए गए। इस मौके पर कैरिटास इंडिया टीम से रेखा धनकर, सीमा, और अंजू ने दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया।

# कांग्रेस महासचिव और वायनाड लोकसभा से सांसद प्रियंका गांधी से विधायक मामन खान ने की मुलाकात

**हरियाणा के राजनीतिक मुद्दों पर हुई प्रियंका गांधी और मामन के बीच बैठक**

**प्रियंका गांधी को वायनाड लोकसभा से एतिहासिक जीत दर्ज करने दी मामन खान ने बधाई**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कांग्रेस महासचिव और वायनाड लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रियंका गांधी को फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के विधायक मामन खान इंजीनियर ने गुलदस्ता भेंट कर उनकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। इस दौरान प्रियंका गांधी और विधायक मामन खान इंजीनियर के साथ हरियाणा के राजनीतिक मुद्दों को लेकर बैठक हुई। जिसमें नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के विधायक मामन खान इंजीनियर ने प्रियंका गांधी को हरियाणा की राजनीति से अवगत कराते हुए मेवात के मुद्दों पर भी जमकर चर्चा की। प्रियंका गांधी और मामन खान की हुई इस बैठक में विधायक मामन खान ने जहां प्रियंका गांधी को हरियाणा के राजनीतिक मुद्दों से लेकर हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव से भी अवगत कराया, वहीं उन्होंने उन्हें मेवात आने का भी न्योता दिया।

आपको बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के विधायक मामन खान इंजीनियर हरियाणा में सबसे ज्यादा वोटो से जीतने वाले विधायक हैं। जिन्होंने लगभग एक लाख वोटो से हरियाणा विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज कर लगातार दूसरी बार विधानसभा में पहुंचने का गौरव प्राप्त किया है। आपको बता दें कि विधायक मामन खान इंजीनियर ने अपनी ईमानदारी और साफ छवि के चलते इस राजनीतिक मुकाम को हासिल किया है। विधायक मामन खान किसी राजनीतिक परिवार से नहीं है, बल्कि एक गैर राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते हैं और उन्होंने अपनी 20 साल की राजनीति में अपने और अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। प्रियंका गांधी से मुलाकात के दौरान विधायक मामन खान इंजीनियर ने संसद में उनके पहले ऐतिहासिक संबोधन के लिए भी बधाई दी और हरियाणा के साथ-साथ मेवात से संबंधित मुद्दों के बारे में भी प्रियंका गांधी को अवगत कराया। इस दौरान विधायक मामन खान इंजीनियर ने प्रियंका गांधी को मेवात आने का भी निमंत्रण दिया। विधायक मामन खान इंजीनियर ने बताया कि प्रियंका गांधी से बैठक के दौरान उन्होंने काफी राजनीतिक चर्चा की और उन्हें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा भरोसा है कि जल्द ही प्रियंका गांधी मेवात में आने का कार्यक्रम बनाएंगी। इस दौरान प्रियंका गांधी ने विधायक मामन खान इंजीनियर को लगातार दूसरी बार विधायक बनने व रिकॉर्ड तोड़ वोटो से जीतने पर भी बधाई दी।

# शिक्षाविद दीपक यादव ने कॉलोनी की समस्या को लेकर विधायक मूलचंद शर्मा से की मुलाकात



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** सेक्टर 2 निवासी शिक्षाविद दीपक यादव ने त्रिखा कालोनी, रघुवीर कालोनी, भाटिया कालोनी और सेक्टर 2 की समस्याओ को देखते हुए आज बल्लभगढ़ के विकास पुरुष विधायक पं. मूलचंद शर्मा से सेक्टर दो कार्यालय पर मुलाकात की। शिक्षाविद दीपक यादव ने बताया की विधायक मूलचंद शर्मा के अथक प्रयासों से उपरोक्त कालोनियों को सरकार से पास कराने पर पहले उनका धन्यवाद किया और कालोनियों में आ रही समस्याओ को दूर करने का लिए चर्चा की। शिक्षाविद दीपक यादव ने बताया कि पहले इन कॉलोनियों में छोटी सीवर लाइन डाली हुई हैं और टाइल्स की पुरानी सड़के हैं जिनकी खस्ता हालत है। उन्होंने विधायक को अवगत कराया की मीठे पानी की भी समस्या आ रही है। उन्होंने विधायक मूलचंद शर्मा से मांग की हैं की रघवीर, भाटिया और त्रिखा कालोनी में भी सिमेंट्ड सड़के और गलिया बनवाई जाये जैसे की विधानसभा की अन्य कालोनीनियो में बनी हुई हैं।

समस्याओ को सुनने के बाद विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही रघुवीर कालोनी,भाटिया कालोनी, त्रिखा कालोनी और कुछ पार्ट सेक्टर 2 का कुछ हिस्सा हे जिसमे बड़ी सीवर लाइन और सीमेंटेड सड़के बनवाई जाएगी। विधायक मूलचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धन्यवाद रेली बल्लभगढ़ में की जाएगी जिसमे बल्लभगढ़ के आडोटोरियम का भी लोकार्पण करवाया जाएगा। इसी धन्यवाद रेली के माध्यम से उपरोक्त समस्याओ को दूर करणे के लिए घोषणाए करायी जाएगी और इस इलाके में ये सभी कार्य पूरे कराए जाएँगे साथ में तेजपाल मास्टर जी,जगदीश मास्टर जी ,पुष्पेंद्र त्यागी जी ,मनोज यादव ,राजेंद्र शर्मा और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बहतरीन कार्य के लिए 6 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल उषा ने 6 पुलिसकर्मियो को उनके बहतरीन कार्य के लिए सम्मानित किया है। जिसमें थाना सेन्ट्रल प्रबंधक विनोद कुमार, सराय ख्वाज प्रबंधक राकेश कुमार, थाना भूपानी से P/SI अकिंत, एचसी सुनिल और रविन्द्र, थाना ओल्ड फरीदाबाद से एएसआई रमेश का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रबंधक सेन्ट्रल व सराय ख्वाजा को थाना की शिकायतों को निपटारे के लिए, थाना भूपानी से P/SI अकिंत, एचसी सुनिल और रविन्द्र को पीओ पकडने के लिए तथा थाना ओल्ड फरीदाबाद से एएसआई रमेश को गुमशुदा लडके को मात्र 10 घंटे में तलाश करने के लिए प्रशंसा पत्र दिया गया है। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल द्वारा उपरोक्त पुलिस कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर उनकी होंसला अफजाई की गई है।

# पुलिस आयुक्त सौरभ सिंह ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर पुलिसकर्मियों के साथ की महत्वपूर्ण मीटिंग

**ट्रिप मोनिट्रिंग सिस्टम व डायल 112 के बारे में महिलाओं को अधिक से अधिक करे जागरुक : पुलिस आयुक्त**



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सौरभ सिंह द्वारा महिला विरुद्ध अपराधों कमी लाने के लिए और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर पुलिसकर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और महिला सुरक्षा के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा उषा, सहायक पुलिस आयुक्त महिला सुरक्षा, सहायक पुलिस आयुक्त ओल्ड, सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय, महिला थाना प्रभारी सेन्ट्रल, बल्लबगढ़ व NIT व अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

मीटिंग में पुलिस आयुक्त ने महिला विरुद्ध अपराधों के मामलों में तेजी से कार्रवाई करने और महिला सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला विरुद्ध अपराध के मामले में शिकायतों को 45 दिन से अधिक लमबित नही रखा जाएगा इस समय सीमा के दौरान ही शिकायत का निष्पादन करना सुनिश्चित किया जाएगा। शिकायतों के निष्पादन के लिए वीडियों कॉन्फैंस के माध्यम से कॉउसलिंग करके शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होनों आगे कहा कि अपराधों की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। इसलिए महिला विरुद्ध व महिला सुरक्षा के संबंध में अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम स्कूल,कॉलेज व कम्पनियों में कराए जा तथा महिलाओं को कानूनों के बारे में जागरुक किया जाए। उन्होने कहा कि हरियाण पुलिस की ट्रिप मोनिट्रिंग सिस्टम व डायल 112 के बारे में महिलाओं को अधिक से अधिक जागरुक करके उनके फोन में दुर्गाशक्ति/डायल 112 एप का इंस्टोलेशन कराया जाए ताकि संकट की घडी में हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन के लिए प्रदान की गई सुविधाओं का प्रयोग करके अपने आप को सुरक्षित रख सके। मीटिंग के दौरान भाग लेने वाले महिला पुलिस अधिकारियों ने महिला विरुद्ध अपराधों के मामलों में महिला पुलिस के अधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और महिला सुरक्षा के लिए फरीदाबाद पुलिस का सहयोग करें।

# दिसंबर माह के अंतिम 11 दिन शहर में रहेगी श्री श्याम बाबा व बाला जी महाराज के संकीर्तनों की धूम

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** शहर के अंदर 21 दिसंबर से 31 दिसंबर तक भव्य दरबारों के साथ श्री श्याम बाबा व श्री बालाजी महाराज के कीर्तनों की धूम मचेगी जिसमें कीर्तनों में देश के दूर-दूर शहरों से मशहूर भजन प्रवाहक बाबा के भजनों की धूम मचाने आ रहे हैं। जिसमें शनिवार 21 दिसंबर को श्री श्याम दरबार फरीदाबाद द्वारा 37वाँ वार्षिकोत्सव श्री राहुल शर्मा जी सन्नी भैया के पावन सानिध्य में राजकीय स्कूल ग्राउंड, जन कल्याण मंदिर के सामने,सेक्टर 7 फरीदाबाद में आयोजित किया जा रहा है जिसमें मशहूर भजन प्रवाहक संजय मित्तल,सौरभ शर्मा, शुभम रूपम,रवि बेनीवाल,संजय पारीक व अन्य कलाकार आ रहे हैं वहीं शनिवार 21 दिसंबर को श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति ट्रस्ट बल्लबगढ़ द्वारा श्री मेहंदीपुर बाला जी महाराज का तृतीय श्री बाला जी महोत्सव शाम 7:00 बजे से अग्रवाल पब्लिक स्कूल, मेंन बाजार, बल्लभगढ़ में आयोजित किया जा रहा है जिसमें जोगिंदर बृजवासी जी, बबलू पाण्डेय जी, कोमल चोपड़ा जी व रवि रावत जी आ रहे हैं, मंगलवार 24 दिसंबर को श्याम सेवादार ग्रुप 24 तारीख वाले ट्रस्ट द्वारा तृतीय श्री श्याम संकीर्तन शाम 7:00 बजे से अग्रवाल धर्मशाला, चावला कॉलोनी, बल्लभगढ़ में आयोजित किया जा रहा है इसमें सुबह 10:00 बजे निशान यात्रा हनुमान मंदिर, महावीर कॉलोनी से उत्सव स्थल के लिए निकाली जाएगी व पंडित कुमुद कृष्ण शास्त्री जी,श्री चैतन्य दाधीच मुंबई से, सुश्री नम्रता कारवा मुंबई से, गौरव दत्त तिजारा से व राहुल गुप्ता बल्लबगढ़ से भजनों की गंगा प्रवाहित करेंगे वहीं सैनिक कॉलोनी फरीदाबाद में 2024 वी.के.वी. जागरण 21वाँ दिव्य दर्शन उत्सव का आयोजन शाम 5:00 बजे से किया जा रहा है आयोजक विनय गोयल जी ने बताया कि सैनिक कॉलोनी में भव्य त्री शक्ति दरबार श्री सालासर बालाजी महाराज,मेहंदीपुर बालाजी महाराज व श्री श्याम बाबा का लगने जा रहा है जिसमें भजनों की गंगा प्रवाहित करने भारत के मशहूर कलाकार कन्हैया मित्तल जी चंडीगढ़ वाले, मंयक अग्रवाल, मोना मेहता, अंश वंश, रिंकू भैया व श्रृंगार सेवा देने प्रमोद अग्रवाल जी दिल्ली से पधार रहे हैं, बुधवार 25 दिसंबर को श्री लखदातार सेवा समिति तिगांव द्वारा तृतीय श्री श्याम व बालाजी संकीर्तन महोत्सव का आयोजन शाम 6:00 बजे से मेंन बाजार,सब्जी मंडी, तिगांव में किया जा रहा है,जिसमें मुख्य भजन प्रवाहक नरेश सैनी, रिया बृजवासी, अभिषेक नामा व मयूर रस्तोगी बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे, सोमवार 30 दिसंबर को विश्व श्री श्याम संकीर्तन ट्रस्ट द्वारा छठा आलौकिक श्री खाटू श्याम जी संकीर्तन का आयोजन साँवरिया पैलेस, दिल्ली मथुरा रोड़, सीकरी बल्लबगढ़ में शाम 5:00 बजे से भजन प्रवाहक सौरभ शर्मा कोलकाता, प्रमोद त्रिपाठी जयपुर, सुश्री चाँदनी लाहोटी राजस्थान, नितिन श्याम दीवाना व मनीष श्याम लाडला फरीदाबाद व उमेश कुंडू जी द्वारा भजनों की धारा प्रवाहित की जाएगी, सोमवार 30 दिसंबर को आलौकिक श्री श्याम दरबार द्वारा तृतीय आलौकिक श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव सामुदायिक भवन सेक्टर 23 एन.आई.टी. फरीदाबाद में शाम 6:00 बजे से आयोजित किया जा रहा है जिसमें भजन प्रवाहक शीतल पांडे दिल्ली से,कुमुद कृष्ण शास्त्री जी,भैया रामदास जी, वेद वशिष्ठ, राहुल गुप्ता बल्लबगढ़ से व मनीष श्याम लाडला जी फरीदाबाद से बाबा का गुणगान करेंगे, मंगलवार 31 दिसंबर को श्री श्याम कीर्तन मंडल राधा कृष्ण मंदिर 31 तारीख वालो के द्वारा पाँचवाँ महा श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन रॉयल वाटिका,60 फीट रोड,एम.आई.टी. फरीदाबाद में शाम 5:00 बजे से किया जा रहा है जाएगा जिसमें भजन प्रवाहक रजनी राजस्थानी, रामकुमार लक्खा,मयूर रस्तोगी व गर्ग सिस्टर द्वारा भजनों का गुणगान किया जाएगा। साथ ही बल्लभगढ़ सियाराम मंदिर ब्राह्मण वाड़ा में करने वाले श्याम कराने वाले श्याम ट्रस्ट द्वारा श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन शाम 7:00 बजे से किया जाएगा आयोजक हिमांशु गर्ग (कान्हा) ने बताया इसमें भजन प्रवाहक मनीष श्याम लाडला फरीदाबाद व कुमुद कृष्ण शास्त्री जी व वेद वशिष्ठ बल्लबगढ़ द्वारा द्वारा प्रभु इच्छा तक भजनों का गुणगान भक्तों के साथ मिलकर किया जाएगा।

# रैफर मुक्त फरीदाबाद की मांग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** रैफर मुक्त फरीदाबाद की मांग को लेकर चल रहे अनिश्चित कालीन धरनारत सेवा वाहन संचालक फरीदाबाद के संस्थापक सतीश चोपड़ा व अनशनकारी बाबा रामकेवल के नेतृत्व में बीके चौक से सैक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय तक आटो रैली निकाली गई।

तत्पश्चात जिला उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्फत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सतीश चोपड़ा ने मांग करते हुए बताया कि हम पिछले कई वर्षों से शहर की लचर स्वास्थ्य सुविधाओं की समस्याओं के समाधान हेतु संघर्षरत है। जिसमें श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज छायंसा में आईपीडी सर्विस व सिविल अस्पताल फरीदाबाद में डॉक्टर्स दवाइयों की कमी को पूरा करने,






आईसीयू की सुविधा, मोर्चरी का आधुनिकीकरण कार्य व शहर में ट्रोमा सेन्टर बनाने की मांगें शामिल हैं। जिस पर जिला उपायुक्त ने ज्ञापन को आगे सरकार को भेजने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन देने वालों में अन्य के अलावा उपकार सिंह, अधिवक्ता नरेन्द्र पाल, सुशील कटारिया, राकेश अरोड़ा, राकेश उर्फ रक्कू, नवीन ग्रोवर, हरिदत्त शर्मा, संतोष यादव, यशवंत मौर्य, अधिवक्ता राजेश अहलावत, राजेश शर्मा, संजय अरोरा, सचिन तंवर, चंद्रमोहन, शिव शंकर, सत्यपाल प्रजाप्रति, संजय पाल, फूल, महेश, अभिषेक गोस्वामी, आशीष सिंह, सुशील चोपड़ा, प्रीतपाल सिंह, हर्षवर्धन, करतार, अवधेश कुमार ओझा, हरजिन्दर मेंहदीरत्ता, सतेंद्र शर्मा, बाबू शर्मा, मनोज कुमार, संजय पाल, जोगिंदर चंदीला आदि सहित अन्य साथीगण भी शामिल रहे।

## संपादकीय

# अंबेडकर सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं!



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

भाजपा के डीएनए में प्रारंभ से ही दलित विमर्श रहा है, क्योंकि इसका मातृ संगठन आरएसएस प्रारंभ से ही सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने वाला संगठन रहा है। इस दलित विमर्श के ही डीएनए का परिणाम है कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इस देश में अंबेडकर जी को 'भारत रत्न' सम्मान मिल पाया। अंबेडकर जी को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया, उसने तो नेहरू जी के प्रधानमंत्री रहते नेहरू जी को और इंदिरा जी की सरकार रहते इंदिराजी को भारत रत्न दे दिया था। अंबेडकर जी, संत पेरियार, महात्मा फुले, नारायण स्वामी जैसे दलित महापुरुष संघ के प्रतिदिन होने प्रातः स्मरण मंत्र में सम्मिलित हैं। संघ के स्वयंसेवक जो भाजपा के कार्यकर्ता बनते हैं वे प्रतिदिन सुबह के अपने प्रातः स्मरण के मंत्र में अंबेडकर जी का नाम श्रद्धा से लेते हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व के सबसे बड़े मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी तो बाबासाहेब के चुनाव में आधिकारिक एजेंट की भूमिका में रहे हैं। इस तथ्य से आप उस कालखंड में संघ व अंबेडकर जी की म्यूचुअल अंडरस्टेंडिंग या केमिस्ट्री को समझ सकते हैं। संघ के मूल चिंतन में दलित चिंता सदैव से रही है, इसका परिणाम है कि, मुंबई में जिस स्थान पर भाजपा का जन्म हुआ, उस स्थान का नाम संघ के प्रचारकों ने समता नगर रखा था। यह नाम एक बड़ा प्रतीक था भाजपा के दलित चिंतन वाले डीएनए का। बड़े दलित नेता व दलित पेंथर मूवमेंट के नेता दत्ताराव सिंदे यह सब देखकर ही भाजपा के कार्यकर्ता बने थे।

संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देश भर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, अंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के, अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है। गृहमंत्री जी के इस व्यक्तव्य को यदि पूरा सुनेंगे तो अंबेडकर जी के अपमान के सारे वहम दूर हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा – हमे तो आनंद है कि अंबेडकर का नाम लेते हैं। अंबेडकर का नाम आप 100 बार ज्यादा लो, लेकिन साथ-साथ अंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये भी बताता हूं। अंबेडकर को देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। अंबेडकर जी ने कई बार कहा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के प्रति हो रहे व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं। शाह ने आगे कहा, अंबेडकर जी को आश्वासन दिया गया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कई बार कहा कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ होने वाले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। अंबेडकर को आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ, इसलिए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

बार बार संविधान और फैशन में अंबेडकर जी का नाम रटने वाली कांग्रेस ने तो बाबा साहेब को संविधान सभा के 296 सदस्यों में अंबेडकर जी को प्रवेश तक भी न मिलने देनें हेतु षड्यंत्र रचे थे। बाद में दलित नेता जोगेंद्रनाथ मंडल के सहयोग से वे येन केन प्रकारेण संविधान सभा में प्रवेश कर पाये थे। अंबेडकर जी बंगाल की जिस खुलना जैसोर सीट से संविधान सभा में पहुँचे थे वह इकहत्तर प्रतिशत हिंदू बहुल थी। देश विभाजन में ईक्कावन प्रतिशत हिंदू बहुल वाले क्षेत्रों को भारत में रहने देना तय हुआ था। केवल बाबासाहेब को संविधान सभा में घुसने से रोकने के लिए कांग्रेस ने बंगाल का यह इकहत्तर प्रतिशत वाला जिला पाकिस्तान को दे दिया था ताकि अंबेडकर जी की संविधान सभा की सदस्यता रद्द हो जाए।

# लोकतंत्र व संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही भाजपा सरकार : आफताब अहमद

## ग्रह मंत्री अमित शाह का अंबेडकर पर ब्यान दुर्भाग्यपूर्ण : रघुबीर तेवतिया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**




**नूंह।** लगातार दूसरे दिन नूंह में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी रहा, शुक्रवार को नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद की अगुवाई में व प्रथला विधायक रघुबीर तेवतिया की मौजदूगी में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने और संसद में भाजपा सासंदों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार करने से आक्रोशित और ग्रहमंत्री अमित शाह के विवादित बयान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका इस्तीफा मांगा। एक दिन पूर्व पीसीसी सदस्य महताब अहमद की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। यहां उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

इस दौरान विधायक आफताब अहमद ने भाजपा की राजनीति को आड़े हाथों लेते हुए इसे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया। उन्होंने भाजपा सरकार पर असहमति की आवाज दबाने और डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रति अपमानजनक टिप्पणी से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए कार्यकर्ताओं से भाजपा की भ्रामक रणनीति का पर्दाफाश करने का आह्वान किया गया।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार की नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर एफआईआर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से भटकाने की रणनीति है, जिसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। जिसको लेकर आज कांग्रेस देशभर के अपने सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कर रही है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा के नेता लोकतंत्र और संविधान के नायकों के सिद्धांतानुसार काम नहीं करते बल्कि उनका अपमान कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया।

हाल ही में नगर निगम, परिषद और निकाय चुनाव के लिए नूंह जिले के प्रभारी नियुक्त किए गए प्रथला विधायक रघुबीर तेवतिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज को न्याय और अधिकार दिलाए हैं। उनका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर पर आपततिजनक टिप्पणी की है। जिसके कारण देशभर में विरोध हो रहा है। वहीं पत्रकारों से बातचीत में विधायक आफताब अहमद ने पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन की खबर बेहद दु:खद है, ये हरियाणा के राजनीतिक जगत के लिए बड़ा नुकसान है। वो जमीन से जुड़े, संघर्षशील, मेहनती नेता थे जिनका प्रदेश के विकास में योगदान रहा। इस दुखद घड़ी में उनकी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं, अल्लाह परिवार को इस समय गम से उभरने की ताकत और हिम्मत दे।

# मिशन बुनियाद की परीक्षा 24 दिसंबर को



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शिक्षा विभाग और विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से मिशन बुनियाद और सुपर-100 कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत सुपर-100 कार्यक्रम में राजकीय स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जेईई व नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। वहीं मिशन बुनियाद के तहत विद्यार्थियों को अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। आज खंड पुनहाना के एमडीएम पब्लिक स्कूल में खंड पुनहाना के बच्चों और अभिभावकों को जागरुक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। अब 24 दिसंबर को बुनियाद लेवल वन की पहली परीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्यातिथि उपमंडल अधिकारी पुनहाना संजय सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रतियोगिता का युग है जो बच्चा प्रतियोगिता में शामिल होकर अपने आप को निखारेगा वहीं आगे जाकर सफलता प्राप्त करेगा। सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए मिशन बुनियाद और सुपर 100 एक महत्वपूर्ण मंच दे रहा है इसमें अधिक से अधिक बच्चों को भाग लेना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने बताया विभाग द्वारा विद्यार्थियों और बच्चों को जागरूक करने लिए खंड स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें विद्यार्थियों को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें विद्यार्थियों का भी अधिक रुझान देखने को मिल रहा है। अभी तक जिले से 3104 बच्चों ने अपना पंजीकरण करवा दिया गया है। 20 दिसंबर तक बुनियाद परीक्षा व 28 जनवरी तक सुपर-100 के लिए इच्छुक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। मिशन बुनियाद में पंजीकरण के लिए आठवीं कक्षा व सुपर-100 के लिए 10वीं कक्षा में पढ़ने वाला विद्यार्थी आवेदन कर सकता है। इस दौरान डीएसएस रामकिशन, बीईओ पुनहाना वीरेंद्र गुप्ता, स्कूल निदेशक नरेश खरबंदा सहित अन्य उपस्थित रहे।

**खंड अनुसार मिशन बुनियाद पंजीकरण:**

फिरोजपुर झिरका-777, तावडू - 730, नूंह - 661, पुन्हाना-462, नगीना-474

# नूंह पुलिस ने विशेष अभियान के तहत पकड़े 11 साइबर ठग

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** नूंह पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 11 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन ठगों के खिलाफ आठ अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं। इनके पास से 12 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं जबकि 15 फर्जी सिम कार्ड भी मिले है।

जानकारी के अनुसार, ये आरोपी सोशल मीडिया पर विज्ञापन डालकर लोगों को झांसा देते थे और उनसे ठगी करते थे। पुलिस अधीक्षक नूंह के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत नूंह पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा इन पर कार्रवाई की गई।

इन सभी को क्षेत्र के मालब बाई कच्चा रास्ता, तावडू घाटी नियर बंद कांटा ,बीबीपुर मोड पुलिस चौकी जयसिंहपुर, टाइ गांव की पुलिया के पास, घासेड़ा बन्द फैक्ट्री निजामपुर, नंगली रोड आदि से ठिकानों से दबोचा गया।

मुख्य रूप से सभी आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन पैसे लेकर धोखाधड़ी कर साइबर ठगी करते थे। इसके अलावा असल पहचान छुपा कर फर्जी सिम का प्रयोग से अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी और सेक्सटॉरसन कर फर्जी खातों में पैसे डलवा कर लोगों से ठगी करते थे।

फिलहाल पुलिस ने इन सभी के विरुद्ध आठ अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। इनसे 12 मोबाइल और 15 सिम कार्ड मिले हैं।

नूंह पुलिस की ओर से आम जनता को सतर्क रहने और इस तरह के झांसे में न आने की सलाह दी गई है।

# चंडीगढ़ में राजभवन तक रोष मार्च में शामिल हुए लोहारू के विधायक राजबीर सिंह फरटिया




**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** आज चंडीगढ़ में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों के समर्थन में और अडानी के भ्रष्टाचार में भाजपा की संलिप्तता के खिलाफ साथ ही संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वाले गृह मंत्री के बयान के विरोध में भव्य रोष मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में शामिल होकर हमने किसानों के हक की लड़ाई को मजबूती दी और उनकी आवाज को बुलंद किया। भाजपा सरकार न सिर्फ किसान भाइयों की जायज मांगों को अनसुना कर रही है, बल्कि अडानी के भ्रष्टाचार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट हो चुकी है। इतना ही नहीं, संसद में गृह मंत्री द्वारा बाबा साहेब का अपमान पूरे देश के लोकतंत्र और संविधान का अपमान है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि गृह मंत्री को अपने शर्मनाक बयान के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए, और भाजपा सरकार को तुरंत प्रभाव से किसानों की मांगों को मानकर उनके हक़ की रक्षा करनी चाहिए। किसानों के हित में हमारा संघर्ष अनवरत जारी रहेगा।

# चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का आज हृदय गति रुकने से गुरुग्राम में हुआ निधन

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर प्रदेश में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। हरियाणा सरकार की ओर से जारी आदेशों के तहत 20 से 22 दिसंबर 2024 तक पूरे प्रदेश में राजकीय शोक रहेगा और 21 दिसंबर को एक दिन का अवकाश रहेगा। राज्य के शौक के दौरान पूरे हरियाणा में उन सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आधा झुका रहेगा, जहां राष्ट्रीय ध्वज नियमित रूप से फहराया जाता है। इस दौरान कोई भी सरकारी मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री का अंतिम संस्कार 21 दिसंबर को राजकीय सम्मान के साथ तेजा खेड़ा फार्म सिरसा में होगा।

# रजत जैन ने पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** इनेलो सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन से प्रदेश में ही नहीं अपितु पूरे देश में शोक की लहर व्याप्त है। सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन नगीना ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया की ओमप्रकाश चौटाला एक दूरदर्शी राजनीतिज्ञ ही नहीं अपितु एक सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने सदैव देश की उन्नति तरक्की के लिए कार्य किया।देश के सर्वाग्रीण के लिए सदैव जीवन पर्यंत तत्पर रहे। सच्चे अर्थों में वे एक विकास पुरुष के साथ-साथ एक युग पुरुष भी थे। उनकी सोच दूरदर्शी थी। उनकी मृत्यु से अपूर्णीय क्षति हुई है। ये क्षति उनके परिवार के लिए ही नहीं अपितु पूरे राष्ट्र के लिए है। इस क्षति को भरपाना संभव ही नहीं असंभव है। बेशक आज वो हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनके विचार और आदर्श हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे। उनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही उनके लिए सच्चे श्रद्धांजलि होगी।

# ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने जताया शोक

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का निधन हो गया। वे लगभग 90 वर्ष के थे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से हरियाणा प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की राजनीति में अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने हमेशा किसान-कमेरे की आवाज बुलंद की। वे गरीबों के मसीहा रहे हैं। उनके द्वारा किए गए हरियाणा प्रदेश के लिए विकास कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। ज़ाकिर हुसैन ने अपनी उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए अल्लाह तआला से दुआ की कि उनकी आत्मा को शाँति दे और उनके पूरे परिवार को इस गहरे दुख को सहने की शक्ति दे।

# महेंद्रगढ जिले के अस्पतालों में अतिआधुनिक मशीनों से होगा मरीजों का उपचार : आरती राव

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर नया अध्याय लिखने जा रही हैं। हरियाणा के सभी जिला अस्पतालों के अलावा उपमंडल एवं सीएचसी-पीएचसी तक स्वास्थ सुविधाओं में ईजाफा किया जा रहा है। आरती सिंह राव के दिशा-निर्देशन में महेंद्रगढ के जिला अस्पताल नारनौल, उप नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ, कनीना व अटेली में अति आधुनिक मशीनें स्थापित की जा रही हैं। जिनका संचालन होने के बाद मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांच होने के बाद शीघ्र ही रिर्पोट उपलब्ध हो सकेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद चिकित्सकों को उपचार करने में भी आसानी होगी। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्रालय का कार्यभार संभाल रही आरती सिंह राव के प्रयासों से अस्पतालों में आधुनिक मशीनें उपलब्ध हो गई हैं। जिनके संचालन के बाद स्वास्थ्य सविधाओं में इजाफा होगा। 50 बैड के उप नागरिक अस्पताल कनीना में इलेक्टो सर्जिकल यूनिट,नारनौल व महेंद्रगढ में सपीरोमीटर सिस्टम, रेडियंट वार्मर, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सिस्टम मशीन, 35 डिलीवरी टेबल, 3 पार्ट सीबीसी मशीन, फुली ऑटोमैटिक बायोकेम मशीन से स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होगा। वर्ष 2025 से अस्पतालों में आमूलचुल परिवर्तन दिखई देगा।

# कनीना के सभी वार्डों की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन हुआ : एसडीएम

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** नगरपालिका चुनाव के दृष्टिगत कनीना की फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 17 दिसंबर को करने के बाद दावे-आपतति मागें गए हैं। मतदाता 23 दिसंबर तक अपने दावे-आपति दर्ज करा सकते हैं। शुक्रवार तक 47 दावे-आपतति दर्ज कराए जा चुके थे जिनका एसडीएम द्वारा निपटान किया जायगा। एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि हरियाणा नगर पालिका निर्वाचन नियमावली 1978 के नियम 4 (3) के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए विभिन्न स्थानों पर मतदाता दावें व आपतति कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस मतदाता सूची के संबंध में अगर कोई नागरिक अपने दावे पर आपततियां दर्ज करना चाहता है तो वह रिवाइजिंग अथॉरिटी के समक्ष 23 दिसंबर तक प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद 27 दिसंबर तक रिवाइजिंग अथॉरिटी इन दावे व आपततियों का निपटान करेंगे। 31 दिसंबर तक नागरिक रिवाइजिंग अथॉरिटी के फैसले से संतुष्ट नहीं होते है तो वे उपायुक्त के समक्ष अपील कर सकते हैं। 3 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय में इन सभी अपीलों का निपटान किया जाएगा। 6 जनवरी 2025 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। कनीना में 1 से 14 वार्ड तक किसी नागरिक को इस मतदाता सूची पर कोई दावा या आपतति प्रस्तुत करना है तो वह नगर पालिका कार्यालय कनीना में दावे व आपतति दे सकता है।

# बगोत के युवक का सातवें दिन भी नहीं हुआ अंतिम संस्कार

**परिजन व प्रशासनिक अधिकारी असमंजस में**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** उपमंडल के गांव बागोत के 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के सातवें दिन भी अंतिम संस्कार नहीं हो सका। इस प्रकरण को लेकर परिजन तथा प्रशासनिक अधिकारी असमंजस में हैं। परिजन 8 प्रतिष्ठित व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अक्रोस जता रहे हैं। जबकि पुलिस साक्ष्य मांग रही है। बीते शुक्रवार रात्री के समय दो भाई मोहित व पुलकित गांव में ही एक जन्मदिन पार्टी में गए थे। वहां से लौटकर मोहित ने फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया ओर पंचनामा करवाने के लिए उप नागरिक अस्पताल के मोर्चरी में भिजवा दिया। अगले दिन शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया। मृतक के पिता कैलाश शर्मा आठ व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कार्रवाई न होने तक 'डैड बॉडी' रिसीव नहीं कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को एसडीएम अमित कुमार, डीएसपी दिनेश कुमार, थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार,महेद्ंरगढ थाना अध्यक्ष युद्धवीर सिंह, कानूनगो उमेद सिंह जोखड, राजसिंह चैहान, पटवारी प्रदीप कुमार ने गांव बागोत पंहुचकर परिजनों को समझाने की कौशिश की थी। लेकिन सांय तक कोई सहमति न बन सकी। पुलिस परिजनों से साक्ष्य मांग रही है। मृतक से किसी प्रकार का सुसाइड नोट व सीडीआर आदि नहीं मिला था लिहाजा पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा दिया। पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। युवक का शव पिछले पांच दिन से अस्ताल के फ्रीजर में रखा हुआ है जिसे परिजन नहीं ले जा रहे हैं। अस्पताल मे पुलिस सुरक्षा लगी हुई है। पुलिस तथा जिला प्रशासन परिजनों द्वारा शव रिसीव करने के इंतजार में है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## महिला ने ऑन लाइन मंगाया इलेक्ट्रॉनिक सामान, पार्सल में आ गया मानव-शव

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला को एक पार्सल के द्वारा लाश मिली है। मामले की सूचना मितले ही पुलिस भी हरकत में आई और शव को ऑटोप्सी के लिए भेजा गया है। अब तक साफ नहीं हो सका है कि शव किसका है। महिला घर निर्माण में लगने वाली सामग्री का इंतजार कर रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, घटना उंदी मंडल के येंडागांदी गांव की है। नाग तुलसी नाम की एक महिला ने घर बनाने में मदद के लिए क्षत्रिय सेवा समिति को पत्र लिखा था। इसके बाद महिला को समिति की तरफ से टाइल्स भेजे गए थे। इसके बाद जब महिला ने फिर मदद मांगी, तब समिति ने कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान उपलब्ध कराने का वादा किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, आवेदक को मैसेज मिला कि लाइट, पंखे और स्विच भेज दिए जाएंगे। इसके बाद गुरुवार देर रात एक शख्स उनके घर पहुंचा और पार्सल छोड़कर चला गया। साथ ही महिला को बताया कि पार्सल में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हैं। बाद में जब तुलसी ने बॉक्स खोला, तब वह दंग रह गई। बॉक्स में एक शव मिला। इसके बाद हैरान परिवार ने पुलिस को तत्काल इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बाद में शव को ऑटोप्सी के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खबर है कि बॉक्स में एक लेटर भी मिला है, इसमें परिवार से 1.30 करोड़ रुपये की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि रकम नहीं मिलने पर गंभीर परिणाम होगा।

## संजय राउत के घर की रेकी, बाइक सवार युवकों की तलाश में मुंबई पुलिस

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के घर की रेकी का मामला सामने आया है। सांसद राउत के परिवार का आरोप है कि बाइक पर सवार दो लोग उनके घर की रेकी करने आए थे। ये दोनों व्यक्ति हेलमेट और मास्क पहने हुए थे और उनके घर की तस्वीरें भी लीं। राउत के परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। संजय राउत के भाई और शिवसेना (यूबीटी) विधायक सुनील राउत ने बताया कि भांडुप इलाके में स्थित संजय राउत के घर के पास दो बाइक सवार युवकों ने 20 दिसंबर की सुबह रेकी की। दोनों बाइक सवारों ने घर की तस्वीरें लीं, इस लेकर राउत परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बात दें कि राउत अक्सर अपने बयानों के कारण सुर्खियों में रहते हैं। वह 15 नवंबर 1961 को अलीबाग, महाराष्ट्र में जन्मे थे और उनकी शिक्षा मुंबई विश्वविद्यालय से हुई है। राउत की शादी वर्षा राउत से 1993 में हुई थी और उनके दो बच्चे हैं।

## दिल्ली में फिर डीपीएस स्कूल को मिली धमकी

नई दिल्ली। स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला थम नहीं रहा है। शुक्रवार को सुबह सुबह एक बार फिर दिल्ली के डीपीएस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने परिसर में तलाशी अभियान प्रारंभ किया। पुलिस ने यह जानकारी दी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि हमें द्वारका सेक्टर-23 स्थित डीपीएस से बम की धमकी के बारे में सुबह पांच बजकर दो मिनट पर फोन आया। तलाशी अभियान के दौरान फिलहाल कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। पुलिस पूरे माले की जांच कर रही है। बता दें कि पिछले 11 दिन में यह छठी बार है जब राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को ऐसी धमकियां मिली हैं।

## दिल्ली में घना कोहरा और शीतलहर जारी, एक्यूआई 434 पर पहुंचा

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को घने कोहरे के साथ शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिससे ठंड बढ़ी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जो सामान्य से काफी कम था। कोहरे और शीतलहर के कारण कई लोग रात में आश्रय गृहों में शरण लेने को मजबूर हो गए। यमुना बाजार और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जैसे प्रमुख इलाकों में ऐसी स्थिति देखी गई। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) भी गंभीर श्रेणी में है, जिससे लोगों को सांस लेने में भी कठिनाई हो रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक शुक्रवार सुबह 8 बजे दिल्ली का एक्यूआई 434 पर पहुंच गया। आरके पुरम में एक्यूआई 453, रोहिणी में 452, शादीपुर में 436 और विवेक विहार में 451 दर्ज किया गया। यह स्थिति राजधानी के कई हिस्सों में गंभीर और गंभीर से अधिक श्रेणी के बीच थी। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में भी शीतलहर चल रही है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, हरियाणा, राजस्थान, और यूपी के कुछ इलाकों में शीतलहर और घने कोहरे छा रहा है। इसके साथ ही, दिल्ली और आसपास के इलाकों में पाले भी गिर रहा है। आईएमडी ने आने वाले दिनों में भी शीतलहर और घने कोहरे की संभावना जताई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

## पत्नी को गुजारा भत्ता देने 80,000 के सिक्के लेकर कोर्ट आया शख्स

### - जज ने सिक्के लेने से किया इनकार, कहा नोटों में करें भुगतान

चेन्नई। कोयंबटूर में एक शख्स ने अपनी पत्नी को अंतरिम गुजारा भत्ता देने के लिए अदालत में 80,000 रुपये सिक्कों में जमा कराए। यह घटना बुधवार को एडिशनल फैमिली कोर्ट में हुई। शख्स को अदालत ने 2 लाख रुपये अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। वह 2 और 1 रुपये के सिक्कों के 20 बंडल लेकर अदालत पहुंचा। इस पर जज ने उसे नोटों में भुगतान करने को कहा। गुरुवार को उसने नोटों में पैसे जमा करा दिए। बाकी 1.2 लाख रुपये जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया है। दरअसल कोयंबटूर का 37 वर्षीय व्यक्ति एक टैक्सी मालिक और ड्राइवर है। वह वडावली का रहने वाला है। उसकी बहन यूएस में रहती है।

# शाह ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेन्स पर कहा- जल्द ही आतंक मुक्त होगा जम्मू और कश्मीर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में जम्मू और कश्मीर पर उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, निदेशक (आईबी), रॉ प्रमुख, सेनाध्यक्ष, जीओसी-इन-सी (उत्तरी कमान), डीजीएमओ, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेन्स की नीति के तहत, हम जल्द से जल्द 'आतंकमुक्त जम्मू और कश्मीर' के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे और इसके लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार, सभी सुरक्षाबलों के एकजुट प्रयासों के साथ जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद पर संपूर्ण वर्चस्व स्थापित करने के प्रति कटिबद्ध है। शाह ने कहा कि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर के लोगों की अभूतपूर्व भागीदारी से पता चलता है कि उनका देश के लोकतंत्र पर पूरा विश्वास है। गृह मंत्री ने आतंकी घटनाओं, घुसपैठ और आतंकवादी संगठनों में युवाओं की भर्ती में उल्लेखनीय गिरावट के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का इको-सिस्टम लगभग खत्म हो गया है। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए समन्वित तरीके से काम जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने एरिया डॉमिनेशन प्लान और ज़ीरो टेरर प्लान का कार्यान्वयन मिशन मोड में करने पर ज़ोर दिया।

## योगी का विरोधियों को जबाव, संभल हिंसा में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर बड़ा बयान दिया है। अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि यदि हमें विश्व मानव सभ्यता को बचाना है, तब सनातन धर्म का सम्मान करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मनीषियों ने वसुधैव कुटुम्बकम का सिद्धांत दिया था, और सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है जिसने कठिन समय में अन्य धर्मों और मतों को शरण दी। सीएम योगी ने भारतीय इतिहास में हिंदू मंदिरों को बार-बार तोड़ने का जिक्र किया। उन्होंनेकहा, क्या कभी हिंदुओं के साथ ऐसा हुआ? क्या हुआ बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में? कभी काशी विश्वनाथ धाम, कभी अयोध्या में, कभी संभल में, तब कभी भोजपुर में हर समय हिंदुओं के मंदिरों को तोड़ा गया। योगी ने इतिहास के विवादास्पद शासक औरंगजेब पर भी कड़ा हमला किया। उन्होंने कहा, औरंगजेब का खानदान अब कोलकाता के पास रिक्शा चला रहा है। अगर उसने ईश्वर की दुर्गति नहीं की होती, तब उसकी औलादों को ये दिन नहीं देखना पड़ता। इस दौरान सीएम योगी ने हाल ही में हुई संभल हिंसा पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि 1947 से अब तक संभल में 209 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है, और जिन लोगों ने कभी इस मुद्दे पर आवाज नहीं उठाई, वे अब मारे गए लोगों के लिए आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संभल हिंसा में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट में मान सरकार ने दिया डल्लेवाल की सेहत का अपडेट, सभी पैरामीटर सामान्य



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसान आंदोलन के बीच आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से डल्लेवाल की हेल्थ रिपोर्ट देने को कहा था, जिसके बाद पंजाब सरकार ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट पेश की।

पंजाब सरकार ने अदालत को बताया कि डल्लेवाल की ईसीजी सामान्य है और सभी पैरामीटर सामान्य सीमा में हैं। उनका हार्ट भी सामान्य काम कर रहा है। राज्य के एजी गुरमिंदर सिंह ने कहा कि डल्लेवाल अब अपनी मेडिकल जांच में सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, कोर्ट ने आदेश दिया कि डल्लेवाल की स्थिति की निगरानी के लिए उन्हें धरने वाली जगह के पास अस्थायी अस्पताल में शिफ्ट किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने 19 दिसंबर को मान सरकार से कहा था कि वे डल्लेवाल की स्वास्थ्य की जांच करे और उसकी रिपोर्ट अदालत में पेश करे। कोर्ट ने मान सरकार को फटकार लगाकर पूछा था कि वे अनशन पर बैठे डल्लेवाल की मेडिकल जांच क्यों नहीं कर रही है। डल्लेवाल कैंसर के मरीज हैं और वह फसलों पर एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी सहित कई अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक, डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर कम हो गया था और उनके पैरों की मालिश की गई थी। हालांकि, उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि उनकी जान खतरे में हो सकती है। डॉक्टरों का कहना था कि उनका कीटोन्स का स्तर बहुत अधिक है और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के कारण किसी भी समय कार्डियक अरेस्ट हो सकता है।

# 23 दिसंबर से पश्चिम चंपारण से सीएम नीतीश शुरु करेंगे प्रगति यात्रा

### - योजनाओं का जमीनी हकीकत जानेंगे और विकास कार्यों का करेंगे निरीक्षण



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार प्रगति यात्रा की शुरुआत 23 दिसंबर को पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर से करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य सरकार की योजनाओं का जमीनी हकीकत से रूबरू होना और विकास कार्यों का निरीक्षण करना है। सीएम नीतीश सबसे पहले वाल्मीकिनगर के घोटहवा टोला पहुंचेंगे, जहां वह लोगों को संबोधित करेंगे और सरकार द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा देंगे। इसके बाद वह मझौलिया के धोकरहा पंचायत स्थित शिकारपुर गांव जाएंगे। यहां वह मनरेगा पार्क का दौरा करेंगे जिसे विशेष रूप से सजाया जा रहा है।

प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश एसडीआरएफ ट्रेनिंग सेंटर और मनरेगा पार्क का उद्घाटन करेंगे। इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को बढ़ावा देना है। इसके बाद सीएम बेतिया के कठईया जाएंगे, जहां वह बाईपास रोड का निरीक्षण करेंगे। प्रगति यात्रा का यह पहला चरण 23 से 28 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार पश्चिम चंपारण के अलावा मोतिहारी, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों का भी दौरा करेंगे। यात्रा के दूसरे चरण का शेड्यूल फिलहाल जारी नहीं किया गया है।

सीएम नीतीश की इस यात्रा को लेकर विपक्ष ने सवाल खड़े किए हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इसे राजनीतिक ड्रामा बताते हुए कहा कि सरकार को पहले अपनी विफलताओं का जवाब देना चाहिए। जिला प्रशासन की टीम सीएम के दौरे को लेकर पूरी तरह सक्रिय है। बेतिया के जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय और एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। सीएमए नीतीश कुमार की यह यात्रा जनता से सीधे संवाद और विकास योजनाओं का आकलन करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## सुप्रीम कोर्ट की दो टूक : पति से जबरन वसूली के लिए कानून नहीं है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के सख्त प्रावधान महिलाओं की भलाई के लिए हैं न कि उनके पतियों को 'दंडित करने, धमकाने, उन पर हावी होने या उनसे जबरन वसूली करने' के लिए। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस पंकज मिथल ने कहा कि हिंदू विवाह एक पवित्र प्रथा है, जो परिवार की नींव है, न कि कोई व्यावसायिक समझौता। कोर्ट ने कहा, महिलाओं को इस बात को लेकर सावधान रहने की जरूरत है कि उनके हाथों में कानून के ये सख्त प्रावधान उनकी भलाई के लिए हैं, न कि उनके पतियों को दंडित करने, धमकाने, उन पर हावी होने या उनसे जबरन वसूली करने के साधन के रूप में हैं। पीठ ने कहा कि विशेष रूप से वैवाहिक विवादों से संबंधित अधिकांश शिकायतों में दुष्कर्म, आपराधिक धमकी और विवाहित महिला से क्रूरता करने सहित भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं को लगाने के लिए शीर्ष अदालत ने कई मौकों पर फटकार लगाई है। पीठ ने यह टिप्पणी अलग-अलग रह रहे एक दंपति के विवाह को समाप्त करते हुए कहा कि यह रिश्ता पूरी तरह से टूट चुका है। पीठ ने कहा, आपराधिक कानून के प्रावधान महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए हैं लेकिन कभी-कभी कुछ महिलाएं इनका इस्तेमाल ऐसे उद्देश्यों के लिए करती हैं, जिनके लिए वे कभी नहीं होते। इस मामले में पति को एक महीने के भीतर अलग रह रही पत्नी को उसके सभी दावों के पूर्ण और अंतिम निपटान के रूप में स्थायी गुजारा भत्ता के रूप में 12 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया था।

# उत्तराखंड के सभी मदरसों का होगा वेरिफिकेशन

### धामी सरकार का आदेश, 30 दिन में पूरा होगा काम





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड पुलिस ने राज्य में कुछ मदरसों के अवैध रूप से चलने की शिकायतों के बाद मदरसों की जांच करने का आदेश दिया है. पुलिस महानिरीक्षक (अपराध और कानून व्यवस्था) निलेश आनंद भरणे ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से डीजीपी को इस संबंध में निर्देश मिलने के बाद यह आदेश जारी किया गया है. उन्होंने कहा कि यह जांच प्रक्रिया बच्चों की सुरक्षा और राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है. आईजीपी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध गतिविधियों को रोकना और यह सुनिश्चित करना है कि सभी मदरसे कानूनी ढांचे के भीतर कार्य करें. सभी जिलों को एक महीने के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है. जांच अभियान का फोकस यह पता लगाने पर होगा कि मदरसों के पास पंजीकरण है या नहीं और सभी जरूरी दस्तावेज हैं या नहीं. इसके अलावा, मदरसों के वित्त पोषण के स्रोत और वहां पढ़ रहे बच्चों की जांच भी की जाएगी.


#### उत्तराखंड के मदरसों में पढ़ाई जाएगी संस्कृत और अरबी

हाल ही में उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड ने उत्तराखंड के मदरसों में संस्कृत विषय शामिल करने का फैसला लिया था. इसके साथ ही यह फैसला भी लिया गया कि अरबी भाषा की शिक्षा भी दी जाएगी. इस बात की जानकारी उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून काजमी ने दी थी. उन्होंने कहा था कि संस्कृत और अरबी दोनों प्राचीन भाषाएं हैं और इनमें आपस में कई समानताएं हैं. हमारे मदरसों में एनसीईआरटी का कोर्स लागू किया और 96.5 पर्सेंट बच्चे पास हुए हैं. हम उन बच्चों को मेन स्ट्रीम से जोड़ रहे हैं जिसे पूर्व सरकारों ने भय दिखाकर मुख्यधारा से काटा था.

#### उत्तर प्रदेश मदरसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का आदेश

संबंधित मामले में, उत्तर प्रदेश में 5 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने 2004 के राज्य कानून को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया था, जो मुस्लिम अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों को नियंत्रित करता है. कोर्ट ने कहा था कि एक कानून को धर्मनिरपेक्षता के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता. सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि धर्मनिरपेक्षता का सकारात्मक विचार राज्य से यह अपेक्ष करता है कि वह अल्पसंख्यक संस्थाओं को धर्मनिरपेक्ष संस्थाओं के समान दर्जा दे और सभी को समान रूप से मान्यता दे, चाहे उनका विश्वास और धर्म कुछ भी हो. यह आदेश सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा कानून की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए दिया. इस फैसले ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 22 मार्च के आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें मदरसा कानून को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करार दिया गया था.

## मंदिर-मस्जिद विवादों को उठाना स्वीकार्य नहीं



- यह कह संघ प्रमुख भागवत ने जताई चिंता
- हिंदु-मुस्लिम कर समाज में पैदा कर रहे तनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने देश में चले रहे मंदिर-मस्जिद विवादों को फिर से उठाने (उभारने) पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग इन विवादों को उठाकर हिंदुओं के नेता बनने का प्रयास कर रहे हैं, जो समाज में और ज्यादा तनाव पैदा कर सकते हैं।

भागवत ने आगे कहा कि यह स्थिति स्वीकार्य योग्य नहीं है और ऐसे विवादों का उठना समाज की एकता को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने इस मुद्दे पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि राम मंदिर का निर्माण हिंदू आस्था का विषय था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसे विवादों को फिर से तूल दिया जाए। आरएसएस प्रमुख ने समावेशी समाज की जरुरत पर बल दिया और कहा कि भारतीय समाज अपनी विविधता के साथ शांति और सद्भावना से रह सकता है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाए जाने की बात कही और इसे भारतीय समाज की परंपरा का हिस्सा बताया। उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत अब संविधान के अनुसार चलता है और किसी भी प्रकार के वर्चस्व की भाषा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा रही है कि यहां सभी अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का पालन कर सकते हैं, बशर्ते वे कानून का सम्मान करें।

बता दें इससे पहले मंदिरों के सर्वेक्षण और मस्जिदों के नीचे शिवलिंग की खोज को लेकर अदालतों में कई याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनका आरएसएस प्रमुख ने विरोध किया था। भागवत का यह बयान देश में सद्भावना और एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# महाकुंभ में लोगों के ठहराने के लिए सरकार घरों को बना रही होम स्टे

- श्रद्धालुओं को मिलेगा घर जैसा पारंपरिक खाना और परिवार जैसा अनुभव

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ 2025 को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए यूपी सरकार पूरी तरह से जुटी है। इस बार कुंभ में उम्मीद से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ऐसे में श्रद्धालुओं को ठहराना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए सरकार ने कई उपाय किए हैं, जिनमें स्थानीय घरों को होम स्टे में बदलने की योजना तैयार की जा रही है।

अब तक 26 घरों को होम स्टे बनाया गया है, और 36 अन्य घरों को होम स्टे में तब्दील करने के लिए आवेदन आए हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक होम स्टे में श्रद्धालुओं को घर जैसा माहौल मिलेगा, जिसमें वे पारंपरिक खाना और परिवार जैसा अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इन घरों में कम से कम दो और अधिकतम पांच कमरे होने चाहिए। साथ ही आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और खाने की व्यवस्था मकान मालिकों को ही करनी होगी। इन होम स्टे की जानकारी और बुकिंग महाकुंभ मेला और यूपी पर्यटन की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

इसके अलावा टेंट सिटी और होटलों में ठहरने की व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है। प्रयागराज के सभी छोटे-बड़े होटलों और गेस्ट हाउस की क्षमता का आकलन किया जा रहा है। होटल संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह श्रद्धालुओं से ज्यादा किराया न वसूलें। इसके अलावा कई हैरिटेज प्रॉपर्टीज को भी ठहरने की सुविधा में तब्दील किया जा रहा है। सरकार आगजनी और अन्य संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों पर भी जोर दे रही है। सभी आवासीय और अस्थायी ठिकानों पर आग से बचाव के इंतजाम किए जा रहे हैं।

पर्यटन विभाग की रीजनल ऑफिसर ने बताया कि श्रद्धालुओं को ठहराने की व्यवस्था करना महाकुंभ की सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए टेंट सिटी, होम स्टे, होटल और गेस्ट हाउस जैसी सुविधाओं को सक्रिय रूप से तैयार किया जा रहा है। महाकुंभ 2025 के लिए सरकार का यह मेगा प्लान न केवल इसे भव्य बनाएगा, बल्कि इसे श्रद्धालुओं के लिए सुखद और सुरक्षित अनुभव भी बनाएगा।



# बर्जर और इंडिगो पेंट्स पर नुवामा की नजर

**- एशियन पेंट्स को शहरी मंदी और नई प्रतिस्पर्धा से चुनौती**

**मुंबई ।**

आदित्य बिड़ला और जेएसडब्ल्यू जैसे समूहों की दस्तक से पेंट सेक्टर में प्रतिस्पर्धा दिखाई देने लगी है। हालांकि कुछ ब्रोकरेज चुनिंदा शेयरों जैसे नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज बर्जर पेंट्स और इंडिगो पेंट्स पर दांव लगा रहे हैं। घरेलू ब्रोकरेज पेंट उद्योग में छोटी कंपनियों पर नजर लगाए हुए हैं, जो उद्योग की दिग्गज कंपनी एशियन पेंट्स से बर्जर और इंडिगो की ओर प्राथमिकता में बदलाव देखा जा सकता है। ब्रोकरों को दूसरी छमाही में नई कंपनियों में चमकदार संभावनाएं दिख रही हैं जबकि एशियन पेंट्स के लिए चुनौती दिखती है। नुवामा के एक विश्लेषक एशियन पेंट्स की बड़े शहरों में ज्यादा बिक्री को प्रमुख कारक मानते हैं। उनका कहना कि शहरी इलाके बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति, बढ़ते आवास किराये, धीमी वेतन वृद्धि और बढ़ते ब्याज भुगतान जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ये कारक मांग पर भारी असर डाल रहे हैं। एशियन पेंट्स को ऊंचे आधार प्रभाव और पूरे भारत में दिग्गज कंपनी बने रहने की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। शहरी बाजारों में बिड़ला ओपस जैसों के उतरने से एशियन पेंट्स पर ज्यादा दबाव आ गया है।



दिलचस्प बात यह है कि इन चुनौतियों ने बर्जर और इंडिगो को उतना प्रभावित नहीं किया है। विश्लेषकों का मानना है कि उनके अपेक्षाकृत छोटे पैमाने और क्षेत्रीय फोकस ने उन्हें बड़े शहरी क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा के तत्काल दबाव से बचाया है। इस कारण पेंट सेक्टर में वे नुवामा की पसंदीदा बन गई हैं जिसने दोनों शेयरों को खरीदें रेटिंग दी है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार हालांकि केवल एक-चौथाई विश्लेषक ही एशियन पेंट्स और बर्जर को लेकर आशावादी हैं। ब्रोकरेज फर्मों को बर्जर में अधिक तेजी की संभावना नजर आ रही है। कन्साई नेरोलक और एक्जोनोबेल में भी उन्हें बढ़त दिख रही है। एशियन पेंट्स के मुकाबले बर्जर और इंडिगो बढ़त क्यों बना रहे हैं? इसे लेकर विश्लेषकों ने अपना नजरिया पेश किया है।

# स्मार्टफोन रियलमी 14एक्स 5जी भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली ।**



चाइनीज कंपनी रियलमी ने अपना लेटेस्ट बजट स्मार्टफोन रियलमी 14एक्स 5जी भारत में लॉन्च कर दिया है। फोन की कीमत रुपए 15,000 के आसपास होने का अनुमान है, और यह सेगमेंट में सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन में से एक हो सकता है। रियलमी 14एक्स 5जी स्मार्टफोन ई-कॉमर्स साइट फलीपकार्ट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। यह स्मार्टफोन तीन रंगों - क्रिस्टल ब्लैक, गोल्डन ग्लो और ज्वेल रेड - में पेश किया जाएगा, जिससे आप अपनी पसंद के रंग में इसे खरीद सकते हैं। रियलमी 14एक्स 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 प्रोसेसर का उपयोग किया गया है, जो इस फोन को 8जीबी रैम और 128जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ बेहतर प्रदर्शन देता है। इसके अलावा, यूजर्स 10जीबी वर्चुअल रैम का फायदा भी उठा सकते हैं, जिससे मल्टीटास्किंग में कोई परेशानी नहीं होगी। डिवाइस में 6.72-इंच फुल एचडी+ आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले हो सकता है, जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आता है, जिससे बेहतर और स्मूथ विजुअल एक्सपीरियंस मिलेगा। फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए, इस स्मार्टफोन में डुअल कैमरा सेटअप हो सकता है, जिसमें 50MP का प्राइमरी सेंसर होगा। हालांकि, दूसरे सेंसर के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है, लेकिन यह फोन फोटो और सेल्फी के मामले में भी अच्छा प्रदर्शन करेगा, ऐसी उम्मीद है। रियलमी 14एक्स 5जी में 6000 एमएएच बैटरी हो सकती है, जो 45वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है।

इसका मतलब है कि आप लंबे समय तक अपने फोन का इस्तेमाल कर सकते हैं और जल्दी चार्ज भी कर सकते हैं। अगर आप एक किफायती और लंबी बैटरी लाइफ वाले स्मार्टफोन की तलाश में हैं, तो रियलमी 14एक्स 5जी आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह स्मार्टफोन एंड्राएड 14 आधारित रियलमी यूआई 5.0 पर चलेगा और आईपी69 रेटिंग के साथ आएगा, जिससे यह पानी और धूल से सुरक्षित रहेगा।

# यूपी, हरियाणा और बिहार में भी चढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 72.88 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।**



कच्चे तेल की कीमतों में आए बदलाव का असर शुक्रवार सुबह कुछ शहरों में काफी ज्यादा देखने को मिला। वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल एक बार फिर बढ़कर 73 डॉलर के करीब पहुंच गया है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी बड़ा उतार-चढ़ाव दिख रहा है। शुक्रवार को यूपी, बिहार और हरियाणा के शहरों में भी तेल की कीमतों में उछाल आया है।

हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, यूपी के बहराइच जिले में पेट्रोल 1.20 रुपये महंगा होकर 96.13 रुपये, डीजल भी 1.07 रुपये चढ़कर 89.17 रुपये लीटर, बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 11 पैसे महंगा हुआ और 105.34 रुपये लीटर हो गया, जबकि डीजल 10 पैसे चढ़कर 92.19 रुपये लीटर पहुंच गया है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 3 पैसे चढ़कर 95.07 रुपये लीटर तो डीजल 3 पैसे चढ़कर 87.93 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी उछाल दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 72.88 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी गिरकर 69.91 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इन शहरों में बदल गए रेट - बहराइच में पेट्रोल 96.13 रुपये और डीजल 89.17 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.34 रुपये और डीजल 92.19 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 95.07 रुपये और डीजल 87.93 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# जीएसटी की बैठक में मध्यस्थ सेवाओं को शून्य दर में लाने का प्रस्ताव

**- ब्रोकर, एजेंट और ऑनलाइन पोर्टलों को मिल सकती है राहत**

**नई दिल्ली ।** जीएसटी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में मध्यस्थ सेवाओं को शून्य दर में लाने का प्रस्ताव गूंज रहा है। जो ब्रोकर, एजेंट और ऑनलाइन पोर्टलों को राहत दिखा सकता है। यह प्रस्ताव एमएसटीसी, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स, एमजंक्शन जैसे पोर्टलों को भी लाभ पहुंचा सकता है। इस प्रस्ताव से भारतीय मध्यस्थों को विदेशी प्रतिस्पर्धियों के साथ समान स्तर पर काम करने का मौका मिल सकता है। इसके साथ ही इस प्रस्ताव से इन मध्यस्थ सेवा प्रदाताओं को 3357 करोड़ रुपये की कर देयता से छुटकारा भी मिल सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रस्ताव से ब्रोकर और एजेंट को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें जीएसटी देनदारियों का भुगतान करने में समस्याएं थी। नई व्यवस्था में आपूर्तिकर्ताओं के लिए वित्तीय बोझ कम होगा और उन्हें जीएसटी देनदारियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। यह सुनिश्चित किया जाता है कि जीएसटी प्रणाली और इनपुट टैक्स क्रेडिट की प्रक्रिया में सुधार के बावजूद, उत्तराधिकारियों को वित्तीय सहायता पर ध्यान दिया जा रहा है। यह प्रस्ताव व्यवसायों को अधिक सुविधाएं और सामर्थ्य प्रदान कर सकता है।

# भारत ने 2024 में सबसे बड़े प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में रचा इतिहास: विश्व बैंक

**- वर्ष 2024 में प्रेषण की वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान**

**नई दिल्ली ।**

भारत ने 2024 में नौकरी बाजारों में पुनर्निर्माण के कारण अपेक्षित 129 अरब डालर के प्रेषण के साथ सबसे बड़े प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में अपनी धाक जमाई। यह जानकारी विश्व बैंक द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में साझा की गई है। इस उच्च स्तरीय प्रेषण के पीछे भारत के अविरल संवेदनशीलता, भरोसेमंद नौकरी बाजार, और अर्थव्यवस्था की मजबूती का सामर्थ्य है। इसके बाद इस श्रेणी में मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान स्थान रहे। वर्ष 2024 में प्रेषण की वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2023 की 1.2 प्रतिशत की दर से काफी अधिक है। विश्व बैंक के अर्थशास्त्रियों के मुताबिक उच्च-आय वाले देशों में सुधार और महामारी के बाद आर्थिक सहयोग ने प्रेषणों में इस वृद्धि को प्रोत्साहित किया। विश्व बैंक ने देशों से उचित कार्रवाई की मांग की है ताकि प्रेषणों की स्थिरता और आकार बनाए रखा जा सके और इससे




गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए फायदे हो सकें। उन्होंने भविष्य में दक्षिण एशिया में प्रेषण के मामले में अग्रणी भूमिका की उम्मीद जताई है, विशेष रूप से भारत, पाकिस्तान, और बांग्लादेश के सजीव प्रेषण प्रवाह के कारण। अंततः विश्व बैंक के व्यापक अध्ययन से प्रकट होता है कि 2024 में भारत ने दिखाया है कि वह आर्थिक उत्कृष्टता और उन्नति के मामले में विश्व में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

# अदाणी समूह बिहार में अत्याधुनिक बिजलीघर लगाएगा प्रणव अदाणी

**- कंपनी बिजली संयंत्र पर करेगी 20,000 करोड़ का निवेश**

**पटना ।** गौतम अदाणी के नेतृत्व में अदाणी समूह ने बिहार में 20,000 करोड़ रुपये के निवेश कर एक अत्याधुनिक बिजलीघर की स्थापना करने की घोषणा की है। साथ ही समूह अपने सीमेंट, खाद्य प्रसंस्करण तथा लॉजिस्टिक कारोबार का भी विस्तार करने जा रहा है। अदाणी एंटरप्राइजेज` लिमिटेड के निदेशक प्रणव अदाणी ने इस बताया कि समूह ने पहले ही लॉजिस्टिक, गैस वितरण, और कृषि लॉजिस्टिक क्षेत्र में 850 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस निवेश से 27,000 नौकरियों का सृजन होगा। अदाणी समूह की योजनाएं बिहार के औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। गौतम अदाणी ने हाल ही में बिहार में औद्योगिक विकास के लिए और भी 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर विनिर्माण में भी निवेश किया जा रहा है, जिससे 4,000 नौकरियों का सृजन होगा। इस समाचार से स्पष्ट है कि अदाणी समूह गतिशीलता और विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसरों का भी संरक्षण कर रहा है।

# सन पेट्रोकेमिकल्स बिहार में 36,700 करोड़ का करेगी निवेश



**पटना ।** सन पेट्रोकेमिकल्स ने बिहार सरकार के साथ एक समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए जिसमें अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 36,700 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। सन पेट्रोकेमिकल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां 'बिहार बिजनेस कनेक्ट' 2024 निवेशक शिखर सम्मेलन में कहा कि हम अक्षय ऊर्जा तथा भंडारण बुनियादी ढांचे में 36,700 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं। मैं इस अवसर का इस्तेमाल राज्य में निवेशकों की भावना तथा माहौल में आए महत्वपूर्ण बदलाव की सराहना करने के लिए करना चाहता हूं, जो हमें इस और आगामी परियोजनाओं में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि चालू होने से पहले ही ये परियोजनाएं 30,000 से अधिक नौकरियों का सृजन करेंगी।

# इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल का शेयर 22 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**- 25.89 प्रतिशत चढ़कर 525 रुपये पर पहुंच गया**

**नई दिल्ली ।** हीरा कारोबार से जुड़ी कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट (इंडिया) लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 417 रुपये से 22 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 504.85 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके बाद यह 25.89 प्रतिशत चढ़कर 525 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसे 22.30 प्रतिशत चढ़कर 510 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 20,523.26 करोड़ रुपये रहा। जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले मंगलवार को बोली के अंतिम दिन तक 33.78 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने 4,225 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 397-417 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था।

# धारावी पुनर्विकास योजना- अदाणी समूह को निविदा दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**याचिका संयुक्त अरब अमीरात की सेकलिंक टेक्नोलॉजीज ने की थी दायर**

**मुंबई ।** बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को मुंबई के धारावी झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास परियोजना को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया। यह याचिका संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन द्वारा दायर की गई थी। उन्होंने अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को परियोजना देने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने के लिए याचिका दाखिल की थी। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यह मामला कोई आधार पर नहीं है। अदाणी समूह ने धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए 259 हेक्टेयर के लिए सबसे अधिक बोली लगाई थी और 2022 में 5,069 करोड़ रुपये की पेशकश के साथ इसे हासिल किया था। सेकलिंक टेक्नोलॉजीज ने 2018 की निविदा को रद्द करने के बाद अदाणी को इस परियोजना के लिए नई निविदा देने की चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाते हुए कहा` कि याचिका में उठाए गए आधारों में दम नहीं है। सरकार के निविदा को रद्द करने और अदाणी को प्रोजेक्ट देने में यह चुनौती व्यर्थ रही।

# एचसीसी ने क्यूआईपी के जरिये 600 करोड़ जुटाए

नई दिल्ली । हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एचसीसी) ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 600 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। कंपनी ने कहा` कि क्यूआईपी 16 दिसंबर को खुला और 19 दिसंबर को बंद हुआ। इसे जोरदार प्रतिक्रिया मिली और इसके खुलने के कुछ ही घंटों के भीतर इसे पूर्ण अभिदान प्रापत हुआ। इसमें कहा गया` कि एचसीसी ने 43.01 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर शेयर जारी कर 600 करोड़ रुपये जुटाए जिसमें 42.01 रुपये प्रति शेयर का प्रीमियम भी शामिल है। एचसीसी परिवहन, बिजली और जल क्षेत्रों में काम करती है।

# माइक्रोमैक्स और फिसन ने भारत में स्टोरेज चिपसेट मॉड्यूल के लिए किया समझौता

**- माइक्रोमैक्स की 55 फीसदी और फिसन की 45 फीसदी हिस्सेदारी है**

**मुंबई ।**

माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स और फिसन ने कृत्रिम मेधा आधारित स्टोरेज चिपसेट मॉड्यूल के लिए उद्यम की स्थापना की है। इस संयुक्त उद्यम का नाम एमआईपीएचआई है। माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स के एक अ धिकारी ने बताया कि नए संयुक्त उद्यम ने नोएडा संयंत्र में उत्पादन शुरू कर दिया है। स्टोरेज चिपसेट का उपयोग सर्वर के लिए किया जाएगा। अ धिकारी ने इस साझेदारी के बारे में बताया कि माइक्रोमैक्स की 55 फीसदी और फिसन की 45 फीसदी हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि इसे एआई परिदृश्य को बदलने में मदद मिलेगी। इसका लक्ष्य जीपीयू की लागत को कम करना है। यह भी जताया गया कि परीक्षण इसी महीने पूरा होगा और नया उत्पाद 2025 में वाणिज्यिक निर्यात के लिए उपलब्ध होगा। इस संयुक्त उद्यम के माध्यम से, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और स्टोरेज चिप कंपनी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो भारत के साथ ही अन्य विश्व पारंपरिक बाजारों में भी इनोवेटिव तकनीक को प्रोत्साहित करेगा। यह स्टोरेज चिपसेट मॉड्यूल नवीनतम विकास के सफल साक्षात्कार का परिणाम है, जो कंपनियों के लिए सुरक्षित और एफीशिएंट स्टोरेज समाधान प्रदान करेगा।

# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुरुवार को भी भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन के अंतिम कारोबारी सत्र में बेंचमार्क इंडेक्स, बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी एक फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी आज गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1176.46 अंक करीब 1.49 फीसदी नीचे आकर 78,041.59 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 364.20 अंक तकरीबन 1.52 फीसदी नीचे आकर 23,587.50 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के आज सेंसेक्स के 28 शेयर नीचे आकर लाल निशान पर बंद हुए। टेक महिन्द्रा, एमएंडएम, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा, एसबीआई, टीसीएस, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, कोटक बैंक, सन फार्मा, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक मारुति, एशियन पेंट्स, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिरे। दूसरी ओर, सेंसेक्स के केवल 2 शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुए। नेस्ले इंडिया में 0.12 फीसदी और टाइटन में 0.07 फीसदी की हल्की बढ़त रही। आज सभी क्षेत्रों में बिकवाली का माहौल रहा। निफ्टी रियल्टी, निफ्टी सिलेक्ट टेलीकॉम और निफ्टी वित्तीय सेवाओं में 3 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, निफ्टी आईटी, निफ्टी ऑटो और निफ्टी पीएसयू बैंक भी बुरी तरह प्रभावित हुए, जो 2 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी के 45 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और ट्रेंट में सबसे अधिक गिरावट रही, जिनमें 3.90 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, सिर्फ 5 स्टॉक्स डॉ. रेड्डीज लैब, टाइटन, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई बैंक बढ़त के साथ बंद हुए, जिनमें अधिकतम 1.49 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

इससे पहले आज सुबह शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 66.87 अंकों की हल्की बढ़त के साथ 79,284.92 पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 50 में 22.2 अंकों की




गिरावट देखी गई और यह 23,929.50 पर था, जो 0.09 फीसदी की कमजोरी को दर्शाता है। बीएसई सेंसेक्स के 30 में से केवल 8 स्टॉक्स बाजार खुलने के बाद बढ़त पर कारोबार करते दिखे। दूसरी ओर अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट देखी गई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.7 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 1.1 फीसदी नीचे आ गया। अमेरिका में तीसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़ों ने मजबूत उपभोक्ता खर्च के चलते 3.1 फीसदी की जीडीपी में वृद्धि दिखाई, जो पहले के 2.8 फीसदी अनुमान से ज्यादा थी।

हालांकि, अमेरिकी बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। डॉव जोंस ने 0.04 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ अपनी लंबी गिरावट को रोका, जबकि एसएंडपी P 500 में 0.09 फीसदी और नैस्डैक में 0.10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

# आज जीवन व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर की दर में कमी पर होगा फैसला

**जीएसटी परिषद 55वीं बैठक राजस्थान में**

**नई दिल्ली।**

जीएसटी परिषद शनिवार को होने वाली अपनी बैठक में जीवन व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर की दर कम करने, महंगी कलाई घड़ियों, जूतों और परिधानों पर कर की दर बढ़ाने और अहितकर वस्तुओं के लिए अलग से 35 प्रतिशत कर लगाने पर विचार करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में करीब 148 वस्तुओं में दर में फेरबदल पर चर्चा होगी। इसके अलावा, विमानन उद्योग की परिचालन लागत के एक प्रमुख घटक एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर भी विचार-विमर्श होगा। स्विगी और जोमैटो जैसे खाद्य वितरण मंचों पर जीएसटी दर को वर्तमान 18 प्रतिशत (आईटीसी के साथ) से घटाकर पांच प्रतिशत (इनपुट टैक्स क्रेडिट के बिना) करने का प्रस्ताव है।

सूत्रों ने बताया कि फिटमेंट कमेटी (जिसमें केंद्र और राज्यों के कर अधिकारी शामिल हैं) ने इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रिक गाड़ियों के साथ-साथ छोटे पेट्रोल तथा डीजल वाहनों की बिक्री पर मौजूदा 12 से 18 प्रतिशत तक की दर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। इस बढ़ोतरी से पुरानी छोटी कारें और इलेक्ट्रिक वाहन पुराने बड़े वाहनों के बराबर हो जाएंगे। इसके अलावा, जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जून 2025 तक 6 माह का विस्तार मिलने की संभावना है। क्षतिपूर्ति उपकर व्यवस्था मार्च 2026 में समाप्त हो जाएगी और जीएसटी परिषद ने उपकर के भविष्य के पाठ को तय करने के लिए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में मंत्रियों की एक समिति का गठन किया है। जीएसटी व्यवस्था में, अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत कर के अलावा विभिन्न दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता है।

उपकर से प्राप्त आय जिसे मूल रूप से जीएसटी लागू होने के बाद पांच साल या जून 2022 तक के लिए नियोजित किया गया थाज्इसका इस्तेमाल जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों को हुए राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए किया गया।

# होंडा जनवरी से वाहनों की कीमतें दो प्रतिशत बढ़ाएगी

**- टाटा मोटर्स व अन्य ने पहले ही कारों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है**

**नई दिल्ली ।** होंडा कार्स इंडिया ने अगले साल जनवरी से अपने सभी मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ होंडा ने वाहन विनिर्माता कंपनियों की उस लिस्ट में शामिल हो गई है, जो इस समय को विड-19 महामारी के कारण लॉजिस्टिक्स की बढ़ाती लागतों का बोझ उठाने के बारे में सोच रही हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने यह निर्णय लिया है और उन्होंने यह कहा है कि कच्चे माल की लागत और लॉजिस्टिक्स में निरंतर वृद्धि के कारण इसका छोटा सा भार नए साल से मूल्य संशोधन के जरिये ग्राहकों पर डाला जाएगा। कंपनी घरेलू बाजार में अमेज, सिटी और एलिवेट जैसे मॉडल बेचती है और उसने इस बढ़ोतरी की घोषणा की है, जिससे इसे अन्य विनिर्माता कंपनियों के साथ समय पर बराबरी बनाए रखने के लिए जरूरी था। प्रमुखीकृत कार विनिर्माता कंपनियों मैरुति सुजुकी, हुंदै और टाटा मोटर्स ने पहले ही इसी माह में कारों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है।

# अंडर-19 महिला एशिया कप : भारत ने श्रीलंका को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब खिताब पर नजरें

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार 4 विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश दिलाया। भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में अहम भूमिका निभाई।

उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 तक नहीं पहुंच सकी। ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि 99 रन का पीछा करने की भारत की कोशिश पटरी पर रहे।

2023 महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य त्रिशा ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए और जी कमलिनी के साथ 63 रनों की साझेदारी की जिन्होंने 26 गेंदों में 28 रन बनाए। श्रीलंका ने मैच में वापसी की क्योंकि चामुदी मुनासिंघे ने त्रिशा को आउट कर दिया लेकिन शांत और धैर्यवान मिथिला विनोद ने चार चौके लगाए जिसमें विजयी रन भी शामिल था, और 12 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं जिससे भारत ने 14.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

आयुषी को उनके चार चौकों के लिए अंततः प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत अब रविवार को बयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण के खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश-नेपाल सुपर फोर गेम के विजेता से भिड़ेगा।



# चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, 19 साल का युवा टीम में शामिल



**लुसैल (कतर) (एजेंसी)।** मेलबर्न = ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। युवा सैम कोंस्टास को आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया जबकि सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को जगह नहीं मिल सकी है। 19 वर्ष के कोंस्टास पिछले 70 साल में ऑस्ट्रेलिया के सबसे युवा टेस्ट बल्लेबाज होंगे। पहले तीन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के शीर्षक्रम खासकर मैकस्वीनी के खराब प्रदर्शन के बाद कोंस्टास को टीम में जगह मिली।

पर्थ में पहले टेस्ट में पदार्पण करने वाले 25 वर्ष के मैकस्वीनी एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके और छह पारियों में 10, 0, 39, नाबाद 10, 9 और चार स्कोर किया। वहीं कोंस्टास ने न्यू साउथवेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड के दो मैचों में शतक जमाया। भारत ए के खिलाफ एमसीजी पर मैच में उन्होंने नाबाद 73 रन बनाए जबकि कैनबरा में भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश के लिए गुलाबी गेंद के मैच में 107 रन की पारी खेली।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उसकी बल्लेबाजी की शैली अलग है। हमें विश्वास है कि नाथन के पास काबिलियत है और उसे भविष्य में टेस्ट क्रिकेट में और मौके मिलेंगे। उसे बाहर रखने का फैसला कठिन था।'

### चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबोट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# पृथ्वी को एमसीए ने करार जवाब दिया, अनुशासन में रहें




### -फिटनेस और रवैया सुधारें

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल नहीं किये जाने पर आलोचना कर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को करारा जवाब दिया है। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा कि पृथ्वी ने लगातार अनुशासन तोड़ा है और उसकी हरकतों से हमें शर्मिंदा होना पड़ता है। इसलिए टीम से बाहर किसे जाने का कारण स्वयं वह है। एमसीए ने कहा कि पृथ्वी स्वयं ही अपना दुशमन है। खराब फिटनेस, रवैये और अनुशासन के कारण कई बार टीम को मैदान पर उसे छुपाना तक पड़ा है।

इससे पहले इस युवा क्रिकेटर ने 16 सदस्यीय विजय हजारे ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी नाराजगी जतायी थी। इस क्रिकेटर का कहना है कि इससे पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम में वह शामिल था। अधिकारी ने कहा, 'सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हम 10 फील्डरों के साथ खेल रहे थे क्योंकि पृथ्वी को छिपाना पड़ता था। गेंद उसके पास से निकल जाती थी और वह पकड़ नहीं पाता था। उन्होंने कहा, 'बल्लेबाजी के दौरान भी उसे गेंद तक पहुंचने में परेशानी हो रही थी। उसकी फिटनेस, अनुशासन और रवैया खराब है और अलग-अलग खिलाड़ी के लिए अलग नियम नहीं हो सकते। टीम में सीनियर खिलाड़ी भी उसके रवैये की शिकायत करने लगे थे।

ट्रॉफी के दौरान वह नियमित तौर पर अभ्यास सत्रों से गायब रहे और पूरी रात बाहर रहने के बाद सुबह छह बजे टीम होटल पहुंचते थे। अधिकारी ने कहा कि मैदान से बाहर की हरकतों के कारण ही ये क्रिकेटर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहा है। इसलिए उसे सोशल मीडिया पोस्ट भेजने की जगह अपने को ठीक करना चाहिये।

# पाकिस्तान का ऑलराउंड प्रदर्शन, दक्षिण अफ्रीका को बड़े अंतर से हराया

**केपटाउन (एजेंसी)।** कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवूमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवूमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया।

रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई। हाइनरिक क्लासन ने 74 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्को की मदद से (94) रनों की पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। कामरान गुलाम को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच% से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने चार विकेट तथा नसीम शाह ने तीन विकेट लिए। अबरार अहमद को दो विकेट मिले। आगा सलमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।




इससे पहले कल देर रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 330 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाज करने आये बाबर आजम ने सईम अयूब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में वेना मफाका ने सईम अयूब (25) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ तीसरे विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी की। तीसरे विकेट के रूप में बाबर आजम (73) रन बनाकर आउट हुये। आगा सलमान (33), इरफान खान (15) और शाहीन शाह अफरीदी (16) रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने 82 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (80) रन बनाए। वही कामरान गुलाम ने 32 गेंदों में चार चौक और पांच छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में (63) रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 329 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से वेना मफाका ने चार विकेट लिए। माकर यानसन को तीन विकेट मिले। ब्योर्न फोर्टेन और एंडिले फेहुक्वायो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# मेरे करियर के अंतिम दिन का कॉल लॉग ऐसा अंदाजा नहीं था : अश्विन

चेन्नई। अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय से संन्यास वाले दिन को याद कर कहा है कि अगर किसी ने मुझसे 25 साल पहले कहा होता कि इस दिन मेरे पास स्मार्ट फोन होगा और बतौर भारतीय क्रिकेटर मेरे करियर के आखिरी दिन का कॉल लॉग ऐसा होगा तो मैं मुझे उसी दिन हार्ट अटैक आ गया होता। अश्विन ने तीसरे टेस्ट मैच के ठीक बाद अचानक ही संन्यास की घोषणा कर दी थी। उनके संन्यास से खेलजगत हैरान रह गया था. किसी को भी अंदाजा नहीं था कि जिस गेंदबाज ने 537 टेस्ट विकेट लिए हैं, वह क्रिकेट से इस प्रकार संन्यास ले लेगा। टीम में शामिल तो अश्विन के फैसले से हैरान ही थी, अश्विन को संन्यास लेने के बाद दिग्गज क्रिकेटरों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अश्विन ने अपने अंतिम दिन के कॉल लॉग का स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। इसमें अश्विन के पिता के अलावा 4 लोगों के नाम देखे जा सकते हैं। इन 4 नामों में सचिन तेंदुलकर और कपिल देव शामिल हैं1 वहीं दो अन्य नाम चीना और सुद हैं। पूर्व कप्तान. कपिल देव ने अश्विन के संन्यास पर हैरानी जताई थी.

# शमी दिल्ली के खिलाफ विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले से हटे, फिटनेस पर उठे सवाल


कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी का प्रयास कर रहे बंगाल के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी शनिवार को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ होने वाले विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले से हट गये हैं। इससे एक बार फिर शमी की फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। शमी 2023 एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने टखने की सर्जरी के एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी से घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। इस दौरान उन्होंने अच्छी गेंदबाजी कर करीब सात विकेट लिए।

उन्होंने हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी नौ विकेट लिए थे पर घुटने में आ रही सूजन के कारण वह फिटनेस हासिल नहीं कर पा रहे हैं। इसी कारण उनकी भारतीय टीम में वापसी भी रुकी हुई है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी हाल में कहा था कि शमी जब भी टीम में चाहें वापसी कर सकते हैं पर पहले उन्हें फिटनेस हासिल करनी होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ही उनके रिहैबिलिटेशन को देख रही है और वही उनकी फिटनेस पर कुछ कह सकती है। रोहित ने कहा कि मैं समझता हूं कि वह घर पर बहुत क्रिकेट खेल रहे हैं पर उनके घुटने को लेकर अब भी कुछ चिंतायें हैं। हम तब तक कोई जोखिम नहीं लेंगे जब तक कि हम उनकी फिटनेस के बारे में सुनिश्चित नहीं हों। वहीं विजय हजारे ट्रॉफी में शमी की भागीदारी को चैंपियंस ट्रॉफी सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने की दिशा में एक अहम कदम के रूप में देखा जा रहा हैं पर इसके लिए उन्हें फिटनेस हासिल करनी होगी।

# बैडमिंटन में 2024 में ओलंपिक में मिली निराशा, कुछ सफलताएं और कुछ नए वादे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शानदार जोड़ी ने जहां भारतीय बैडमिंटन में एक अमिट छाप छोड़ी तो वहीं लक्ष्य सेन की पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक मैच में मिली हार इस साल कड़वे अनुभवों में शामिल रही। पूरे साल मीठे अनुभवों पर अकसर निराशा का साया रहा। सात्विक और चिराग के लिए अच्छा और बुरा दोनों समय रहे क्योंकि यह जोड़ी चार फाइनल में पहुंची और दो खिताब जीते जिससे ऐतिहासिक ओलंपिक पदक की उम्मीद जगी। लेकिन पेरिस ओलंपिक में क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के साथ उनका अभियान निराशा में समाप्त हो गया।

एशियाई खेलों के चैम्पियन ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 और थाईलैंड सुपर 500 में खिताब जीतकर दुनिया की शीर्ष जोड़ियों में अपना दर्जा मजबूत किया। यह जोड़ी मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उप विजेता रही लेकिन 8 साल में दूसरी दफा ओलंपिक जीतने का सपना पूरा नहीं हो पाया। इस हार के बाद उनके दानिश कोच माथियास बो ने इस्तीफा दे दिया, लेकिन मलेशिया के टैन किम हर की वापसी ने आत्मविश्वास बढ़ाया।



टैन किम हर को सात्विक और चिराग को एक साथ लाने का श्रेय दिया जाता है। वहीं सेन के लिए यह बहुत करीब और फिर भी दूर का मामला रहा। वह पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए उम्मीद की किरण थे। साल की शुरुआत में फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियंस के सेमीफाइनल तक के सफर ने उनकी खराब फॉर्म से वापसी कराई और पहले ओलंपिक पदक के सपने को जगा दिया। हालांकि अल्मोड़ा का यह 23 वर्षीय खिलाड़ी ओलंपिक में कांस्य पदक के मैच में बुरी तरह हार गया। हालांकि उनके सैयद मोदी इंटरनेशनल में खिताबी जीत ने आगामी सत्र के लिए उम्मीद की किरण जगाई।

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए साल निराशाजनक रहा। उन्होंने अपने कोचिंग स्टाफ में कई बदलाव किये और महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग के लिए बेंगलुरु चली गईं। लेकिन उनका टूर्नामेंट के शुरूआत में बाहर होना जारी रहा जिससे उनकी फॉर्म और फिटनेस से संघर्ष उजागर हुआ। वह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची लेकिन तीसरा ओलंपिक पदक जीतने का सपना प्री क्वार्टरफाइनल में मिली हार से खत्म हो गया। हालांकि इस 29 साल की खिलाड़ी ने अपना सत्र सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीतकर समाप्त किया और वह इस महीने के अंत में परिणय सूत्र में बंधने के लिए तैयार हैं। एचएस प्रणय के लिए यह सत्र दृढ़ता और प्रतिकूलता भरा रहा। उनके हमवतन खिलाड़ी जहां बेहतर प्रतिद्वंद्वियों से हार गए तो वहीं प्रणय फिर अपने स्वास्थ्य से जूझते रहे। ओलंपिक से ठीक पहले पेट से जुड़ी समस्या और चिकनगुनिया से जूझता हुआ यह खिलाड़ी दृढ़ता से पेरिस के नॉकआउट चरण में पहुंचने में सफल रहा, हालांकि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखा। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के ओलंपिक में पदक नहीं जीतने से निराश पूर्व आल इंग्लैंड चैम्पियन पादुकोण ने खिलाड़ियों से जवाबदेही की बात तक कह डाली।

वहीं अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो तथा गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की दो महिला युगल जोड़ियों ने कुछ अच्छा प्रदर्शन दिखाया और भारतीय बैडमिंटन की लय को जारी रखा। अश्विनी और तनीषा का पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना किसी चमत्कार से कम नहीं था क्योंकि दोनों की रैंकिंग साल के शुरू में काफी सामान्य थी। हालांकि यह जोड़ी पेरिस में जल्दी बाहर हो गई लेकिन गुवाहाटी मास्टर्स में खिताबी जीत ने उनकी जोड़ी पर भरोसा मजबूत किया।

# बांग्लादेश ने तीसरे टी20 में भी वेस्टइंडीज को हराकर 3–0 से सीरीज जीती



किंग्सटाउन। बांग्लादेश ने मेजबान वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 80 रन से हराकर तीसरे टी20 मैच में भी हराकर 3–0 से सीरीज अपने नाम की है। इस मैच में बांग्लादेश ने 7 विकेट पर 189 रन बनाये और मेजबान वेस्टइंडीज को जीत के लिए 190 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में मेजबान टीम 16.4 ओवर में 109 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच में बांग्लादेश के गेंदबाज हावी रहे। .वहीं वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड 33 के अलावा एक भी बल्लेबाज 25 रन तक भी नहीं पहुंच पाया। शेफर्ड के अलावा जॉनसन चार्ल्स ने 23 रन बनाये। बांग्लादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए। वहीं तस्कीन अहमद और मेहदी हसन ने 2–2 विकेट लिए। वहीं जाकिर अली ने 72 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जाकिर ने 41 गेंद की अपनी पारी में 6 छक्के और 3 चौके लगाये। उनका स्ट्राइक रेट 175.60 रहा। सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन एमोन ने 39 और मेहदी हसन मिराज 29 ने भी अच्छी पारियां खेलीं। बांग्लादेश ने इससे पहले वेस्टइंडीज को पहले टी20 मैच में 7 रन और दूसरे मैच में 27 रन से हराया था।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप : रोमांचक रेस में 5 टीमें, जानें भारत कैसे पहुंचेगा फाइनल में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्षा से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की दौड़ और रोमांचक हो गई है। आठ मैच बाकी हैं और फाइनल के लिए 5 दावेदार रेस में हैं। इन 5 में से कोई भी टीम ना तो फाइनल में जगह बना पाई है और ना ही पूरी तरह से बाहर है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अभी भी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं, जबकि श्रीलंका और पाकिस्तान दूसरों के भरोसे अभी भी रेस में हैं।

### दो मैच जीतकर फाइनल में पहुंच सकता है भारत

भारत के लिए सबसे सरल समीकरण है कि वो बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी के बचे हुए दोनों मैच जीत जाए जिससे अंक प्रतिशत 60.53 हो जाएगा और टीम बिना किसी अन्य परिणाम पर




निर्भर रहे फाइनल में पहुंच जाएगी खेल पाएगी। सीरीज 3 अभी एक-एक की बराबरी पर है।

### 2 जीत और 1 ड्रॉ से फाइनल खेलेंगा ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया को क्वालीफाई करने के लिए 2 जीत और 1 ड्रॉ की आवश्यकता है। यदि कंगारू भारत के खिलाफ अपने शेष दो टेस्ट में केवल ड्रॉ करते हैं तो उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो जीत की आवश्यकता होगी ताकि वे 58.77 पर समाप्त हों, जो भारत (57.02) से आगे होगा। अन्यथा दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से कम से कम 1-0 से हारना होगा। यदि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न और सिडनी में ये 2 टेस्ट जीतता है, तो वह अन्य परिणामों की परवाह किए बिना क्वालीफाई कर लेगा।

### दक्षिण अफ्रीका के लिए 2 मैचों में से एक जीतना जरूरी

दक्षिण अफ्रीका को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ अपने दो टेस्ट में से एक जीतना होगा। अगर वह सीरीज 0-1 से हार जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही उसे पार कर सकते हैं। दोनों टेस्ट हारने पर दक्षिण अफ्रीका टीम 52.78 अंक पर आ जाएगा। ऐसे में भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक निश्चित रूप से अपने बचे हुए मैचों में उस अंक को पार कर लेगा।

### श्रीलंका अन्य टीमों पर निर्भर

श्रीलंका टीम ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 2-0 की श्रृंखला जीत के साथ अधिकतम 53.85 तक पहुंच सकती है। ऑस्ट्रेलिया, भारत और दक्षिण अफ्रीका तीनों को उससे नीचे रहने के लिए द. अफ्रीका को पाकिस्तान से 0-2 से ऑस्ट्रेलि को भारत के विरुद्ध दो टेस्ट मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से अधिक नहीं मिलना चाहिए जबकि दक्षिण अफ्रीका को हारना होगा। श्रीलंका हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारा है।

### पाकिस्तान सिर्फ गणितीय संभावना से रेस में

चार में से चार जीत के साथ भी पाकिस्तान 52.38 पर समाप्त होगा, जो कि द. अफ्रीका के 52.78 से थोड़ा कम होगा। हालांकि कई परिणामों के पाकिस्तान के पक्ष में जाने के पर दूसरे स्थान पर रहना संभव है। हालांकि पाकिस्तान के इस मोड़ पर पूरी तरह से बाहर होने की संभावना है।

# भारत–पाक मुकाबले हाइब्रिड मॉडल पर खेले जाने को लेकर भी खुश हैं आमिर

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के मैच कहीं भी हो, दर्शक वहां तक पहुंच जाएंगे। आमिर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का गतिरोध समाप्त होने पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड मॉडल (तटस्थ स्थान) पर भारत–पाक मैच होने पर उन्हें खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत–पाकिस्तान मैच चाँद पर क्यों न हो प्रशंसकों को उसका पता मिल ही जाएगा। एक विशेष साक्षात्कार में आमिर ने यह भी कहा कि आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के मामले को हल करने में काफी समय लिया जबकि ये मामला पहले ही हल हो जाना चाहिये था। जय शाह के नये आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद सबसे पहले चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी का मामला हल हुआ। इसमें तय किया गया कि भारत अपने मैच पाक के साथ किसी अन्य तटस्थ स्थान पर खेलेगा। इसके साथ ही 2024–27 चक्र में सभी आईसीसी आयोजनों के लिए हाइब्रिड मॉडल तय किया गया है जो भारत या पाक में आयोजित किए जाएंगे। आमिर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के हाइब्रिड मॉडल का स्वागत किया और इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के रूप में मैं चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में तटस्थ स्थान में भारत बनाम पाकिस्तान मैच की घोषणा का स्वागत करता हूं। आमिर ने आगे कहा कि मैं इस बात का स्वागत करता हूं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हो रहा है। मैं खुश हूं और मुझे भरोसा है कि वे सभी जो इसे देखना चाहते हैं, वो भी खुश होंगे।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# थेरी का सीन-दर सीन रीमेक नहीं है बेबी जॉन

वरुण धवन कील्स द्वारा निर्देशित बेबी जॉन के जरिए दर्शकों के बीच तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये एक्शन-थ्रिलर क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। क्योंकि, फिल्म एटली कुमार द्वारा सह-निर्मित है, इसलिए वरुण धवन के प्रशंसकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि अपकमिंग फिल्म एटली की 2016 में रिलीज हुई फिल्म थेरी का आधिकारिक रीमेक हो सकती है। इस फिल्म में थलापति विजय लीड रोल में नजर आए थे। इन दावों पर अब वरुण धवन ने भी प्रतिक्रिया दी है।

## क्या थेरी का रीमेक है बेबी जॉन?

बेबी जॉन को थेरी का रीमेक बताने वाले दावों का खंडन करते हुए अब वरुण आगे आए हैं और कहा है कि बेबी जॉन फिल्म का सीन-दर-सीन रीमेक नहीं बल्कि एक एडेप्टेशन है। इंडिया टुडे के साथ एक साक्षात्कार में, वरुण धवन ने कहा कि एटली स्क्रिप्ट के साथ आए थे, जिसमें फिल्म की भूगोल के कारण बहुत कुछ बदलना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग थेरी के किताब-दर-किताब रीमेक की उम्मीद कर रहे हैं, उन्हें निराशा होगी।

## आगे क्या बोले वरुण धवन?

वरुण धवन आगे कहते हैं- जब एटली यह फिल्म लेकर आए तो इसके पीछे एक कारण था और उन्होंने कहा कि हमें फिल्म का में बहुत कुछ बदलना पड़ा। उन्होंने कहा, हमें इसे एक एडाप्टेशन के रूप में उपयोग करना होगा न कि एक रीमेक के रूप में और मुझे लगता है कि हमने यही किया है। जैसा कि आप देख रहे हैं, बहुत सारे फ्रेम और कहानी के बहुत सारे एंगल्स अलग-अलग हैं। इसलिए, अगर कोई बुक बाय बुक रीमेक की उम्मीद कर रहा है, तो वे निराश होंगे क्योंकि फिल्म वह नहीं है। यह एक एडाप्टेशन है। हम उससे भाग नहीं रहे हैं, बल्कि यह एक सच में फिल्म से प्रेरित है।

## फिल्म के बारे में

फिल्म में वरुण धवन के अलावा वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का संगीत थमन एस ने तैयार किया है। फिल्म में वरुण धवन ने सत्या वर्मा का किरदार निभाया है जो एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी है। वह अपनी मौत का नाटक करता है और एक व्यक्तिगत दुखद घटना के बाद अपनी बेटी खुशी की परवरिश के लिए अंडरग्राउंड हो जाता है।



# फूल के किरदार के लिए दीपिका-आलिया ने की थी मदद

लापता लेडीज में फूल बनकर दर्शकों के दिलों में पहचान बनाने वाली नितांशी गोयल ने कम उम्र में ही वह कामयाबी हासिल कर ली है, जिसका सपना हर कलाकार देखता है। कमसिन उम्र और करियर की शुरुआत में ही नितांशी के कदमों को सफलता ने इस कदर चूमा है कि उनके नाम की गूंज अब हॉलीवुड में भी सुनने को मिल रही है, लेकिन क्या आपको पता है कि लापता लेडीज में फूल के किरदार के लिए नितांशी को बॉलीवुड की इन दो अभिनेत्रियों की मदद मिली थी?

## नितांशी ने ऐसे शूट किया था पहला सीन

हाल ही में, जूम के साथ एक साक्षात्कार में नितांशी ने लापता लेडीज के पहले सीन की शूटिंग को याद किया और बताया कि पहले दृश्य की शूटिंग के वक्त वह काफी डरी हुई थीं। अभिनेत्री ने कहा, पहला सीन काफी इमोशनल था और इमोशनल सीन मेरी मजबूती है। मैंने खुद से कहा कि अगर इसे अच्छे से नहीं किया तो नाक कट जाएगी क्योंकि रोना मेरे अभिनय का मजबूत पक्ष है। अगर मैं आपके सामने रोती हूं तो सब कहते हैं कि मैं एक अच्छी अभिनेत्री हूं।

दीपिका-आलिया ने ऐसे की थी मदद

नितांशी ने आगे बताया, किरण राव ने मुझपर काफी भरोसा किया था और मैं उनके भरोसे को तोड़ना नहीं चाहती थी। इसलिए शूटिंग से पहले मैंने रातभर गूगल पर दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट के रोने वाले सीन को सर्च किया। फिर सुबह मैंने दो-तीन इमोशनल सॉन्ग सुने और खुद को सीन के लिए तैयार कर लिया था।



# बड़ी और बेहतर होगी हीरामंडी 2

2024 में वेब सीरीजों में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली हीरामंडी को लेकर यह समाचार आ रहे हैं कि संजय लीला भंसाली जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि कहा यह जा रहा है कि भंसाली इन दिनों अपनी फिल्म लव एण्ड वॉर को पूरा करने में लगे हैं, उसके बाद ही वह हीरामंडी 2 पर काम शुरू करेंगे। फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी - द डायमंड बाजार' इसी साल ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसकी लोकप्रियता का आलम यह था कि यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली वेब सीरीज में से एक बन गई। एक्ट्रेस संजीदा शेख ने भी इसमें अहम रोल किया था। उन्होंने 'हीरामंडी' के अगले पार्ट को लेकर उत्साह दिखाया है। संजीदा ने कहा कि मुझे यकीन है कि 'हीरामंडी 2' बड़ी और बेहतर होगी। मुझे नहीं पता कि हम शूटिंग कब शुरू करेंगे, लेकिन जब संजय लीला भंसाली सर की बात आती है, तो यह ड्रीम प्रोजेक्ट की तरह हो जाता है। मैं कोई शो देखती थी, जहां कुछ कलाकार आते थे और कहते थे कि उन्हें 'भंसालीफाइड' कर दिया गया है और मुझे आश्चर्य होता था कि मेरी बारी कब आएगी। अब जब मैं अपनी मीटिंग के लिए जाती हूं तो मेकर्स तारीफ करते हैं कि मैं कितनी अच्छी परफॉर्मर हूं। मुझे काफी अच्छा फील होता है, क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा काम खुद बोलना चाहिए। बता दें जून में रिलीज हुई 'हीरामंडी' में संजीदा ने 'वहीदा' का किरदार निभाया था। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, फरदीन खान, शेखर सुमन, अध्ययन सुमन सहित कई सितारे नजर आए थे।




# संजय लीला भंसाली सर का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे ताजदार का किरदार सौंपा

द डायमंड बाज़ार में ताहा शाह बदुशा के नवाब, ताजदार बलूच के किरदार ने उन्हें शहर में चर्चा का विषय बना दिया है। यह सीरीज़ 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय वेब सीरीज़ की सूची में नंबर 1 पर पहुंच गई है और दुनिया भर में टॉप 5 टीवी शो में शुमार हो गई है। इसके अलावा, यह गूगल की 2024 के सबसे सर्च किए गए कंटेंट की लिस्ट में भी शामिल है, जो न केवल शो की बड़ी सफलता को दर्शाता है, बल्कि ताहा के प्रदर्शन के शानदार आकर्षण को भी दर्शाता है। ताजदार बलोच का किरदार एक फेनोमिनन बन गया है, जिससे ताहा हर लड़की का ड्रीम क्रश और नया नेशनल हार्टथ्रोब बन गए हैं। उनकी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है कि वे अब सोशल मीडिया पर एक सर्टिफाइड सेंसेशन बन चुके हैं, जहां प्रशंसक उनके लिए समर्पित पेज और फैन आर्ट बना रहे हैं। प्रसिद्ध निर्देशक संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित हीरामंडी ने अपनी जटिल कहानी और शानदार दृश्यों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, ताहा ने कहा, मैं संजय लीला भंसाली सर का बेहद आभारी हूं, जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया।



# क्या वाकई घर बसाने जा रही हैं कृति? तेज हुई शादी की अफवाह

अभिनेत्री कृति सेनन ने इस साल फिल्म दो पत्ती से बतौर निर्माता डेब्यू किया है। इसमें उन्होंने काजोल के साथ अभिनय भी किया। फिल्म और अभिनय के साथ-साथ कृति इस वक्त अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर वे कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। दोनों के अफेयर की खबरों के बीच इनकी शादी की अफवाह फैल रही हैं।



## शादी समारोह में साथ नजर आए

कबीर बहिया के साथ अफेयर की चर्चाओं के बीच हाल ही में कृति सेनन उनके साथ एक शादी समारोह में शामिल हुईं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि शादी कबीर के किसी करीबी रिश्तेदार की थी, जिसमें कृति ने भी शिरकत की। यह शादी दुबई में आयोजित हुई। शादी से अभिनेत्री की एक तस्वीर सामने आई है। इसे स्नेहकुमार नाम के यूजर ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

## क्या अगले साल शादी की तैयारी?

इस शादी समारोह में महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी के साथ पहुंचे। धोनी के एक फैन पेज से भी इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की गई है, जिसमें कृति भी पिंक साड़ी में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद दावा किया जा रहा है कि कृति और कबीर एक-दूसरे को लेकर सीरियस हैं। कहा तो ये भी किया जा रहा है कि दोनों अगले साल शादी करने की तैयारी में हैं। हालांकि, आधिकारिक रूप से इन खबरों की पुष्टि नहीं हुई है।

## कृति तोड़ चुकी हैं डेटिंग की खबरों पर चुप्पी

कृति सेनन और कबीर इससे पहले भी कई बार साथ नजर आ चुके हैं। इससे पहले कबीर के साथ अपनी डेटिंग और शादी की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ते हुए कृति ने कहा था कि वे अभी शादी करने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने इस तरह की खबरों को परेशान करने वाला बताया। फिलहाल एक बार फिर चर्चाएं तेज होने पर कृति क्या प्रतिक्रिया देती हैं, देखना दिलचस्प होगा।

## कौन हैं कबीर बहिया

कबीर बहिया बिजनेसमैन हैं। वे यूके में रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे यूके स्थित ट्रैवल एजेंसी साउथहॉल ट्रैवल के संस्थापक कुलजिंदर बहिया के बेटे हैं। कृति के जन्मदिन पर भी कबीर के साथ उनकी फोटो वायरल हुई थी। कहा गया कि कृति ने अपना जन्मदिन कबीर के साथ ही मनाया।



# जान्हवी कपूर ने भाई अर्जुन को कहा थेरेपिस्ट

## करना चाहते हैं साथ में फिल्म

अर्जुन कपूर का अपनी कजिन बहन जान्हवी कपूर और खुशी कपूर के साथ रिश्ता काफी अच्छा है। उनका यह भाई-बहन का खास रिश्ता समय के साथ और भी गहरा होता गया। वे अक्सर एक-दूसरे के अभिनय की प्रशंसा करते और उनका हौसला बढ़ाते नजर आए हैं। इसी बीच जान्हवी का एक इंटरव्यू सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें जान्हवी ने अर्जुन को थेरेपिस्ट बुलाया है और अब जान्हवी के थेरेपिस्ट बुलाने पर अर्जुन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर इन दिनों सिंघम 3 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अर्जुन प्रोफेशनल लाइफ हो या पर्सनल लाइफ, सभी में लोगों की मदद करते रहते हैं, खास तौर पर अपनी बहनों के लिए वह काफी सहायक भाई हैं। सिर्फ जान्हवी कपूर और खुशी ही नहीं बल्कि अर्जुन अपनी सभी बहनों अंशुला कपूर और शनाया कपूर के लिए भी एक सहायक भाई हैं। अर्जुन के सहायक स्वभाव की वजह से ही जान्हवी ने एक बार उन्हें सभी कपूर बहनों का थेरेपिस्ट कहा था। अब, अर्जुन ने जान्हवी की इस बात पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान, अर्जुन कपूर से जब पूछा गया कि उनकी बहनें उन्हें थेरेपिस्ट क्यों कहती हैं तो इस पर अर्जुन ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह एक बड़ा बयान है वह अपनी बहनों से बड़े हैं और इसलिए उनके पास अधिक अनुभव है। वह स्थिति को समझने और अपना दृष्टिकोण देने की परिपक्वता रखते हैं।

आगे अर्जुन कपूर ने कहा, मैं थोड़ा नाप-तोल के लोगों को एक दृष्टिकोण दे सकता हूं। अर्जुन कपूर का कहना है कि जब भी वह किसी समस्या में फंस जाती हैं तो वह अपनी बहनों को सिक्के के दोनों पहलुओं के बारे में बताते हैं और यह उन्हें तय करना है कि वे क्या चाहती हैं।

## जान्वही के साथ करना चाहते हैं अभिनय

जान्हवी कपूर के बारे में बात करते हुए अर्जुन ने कहा कि वह उनके साथ काम करने के बारे में बात करते हैं क्योंकि वे एक ही पेशे में हैं। उन्होंने यह भी कहा, आप सुनते हैं, और आप उनसे सीखते भी हैं। अर्जुन ने कहा, आपको एक-दूसरे के लिए वहां रहने की आवश्यकता है, जहां उन्हें आपकी जरूरत हो। हम भाई और बहन हैं, लेकिन हमें अपने गहरे संबंधों को खोजने के लिए एक लंबा सफर तय करना है।



# बड़े वेब सीरीज के ऑफर को पवित्रा ने दिखाया ठेंगा, इंटीमेट सीन से किया तौबा

टीवी अभिनेत्री पवित्रा पुनिया बिग बॉस के बाद से ही फैंस के बीच लाइमलाइट में बनी हुई हैं। पवित्रा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। पिछले दिनों अभिनेत्री ने पूर्व प्रेमी एजाज खान पर उन पर धर्म परिवर्तन करने का आरोप भी लगाया था। हालांकि, अब पवित्रा ने मनोरंजन जगत से खुद को दूर करने की वजह बताई है और बताया है कि क्यों वह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं आ रही हैं। पवित्रा ने टेली मसाला के साथ एक इंटरव्यू में कहा, मैं सीरीज में अपने कपड़ों और सीन्स को लेकर ज्यादा कंफर्टेबल नहीं थी, इसलिए मैंने मना कर दिया। पवित्रा ने आगे कहा कि मुझे कुछ सीन्स करने में आपत्ति थी, जो मैं करती तो शायद छा जाती, मैंने बहुत सारे काम छोड़े हैं।

